TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

भोपाल
वर्ष: 5 अंक 110
शनिवार 7 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 38°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 2 रुपए | पृष्ठ-8 | मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in


## 'भारत की अपराध राजधानी' बन गया है बिहार: राहुल



- मैं संविधान को बचाने के लिए लड़ रहा हूं

**राजगीर, 6 जून।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि राज्य 'भारत की अपराध राजधानी' बन गया है।

नालंदा के राजगीर में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि सैन्य संघर्ष के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच शांति स्थापित करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर मोदी ने चुप्पी साधे रखी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "बिहार, जिसे कभी शांति और न्याय की भूमि माना जाता था, अब भारत की अपराध राजधानी बन गया है।"

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की आशंका है कि क्या केंद्र ऐसे में जाति जनगणना ठीक से कर पाएगा, जबकि 'प्रश्नावली को अंतिम रूप देने वालों में ओबीसी, दलित या आदिवासी समुदायों का कोई भी अधिकारी नहीं है।' उन्होंने कहा, "मैं संविधान को बचाने और देश की समग्र बेहतरी के लिए जाति जनगणना के लिए लड़ रहा हूं... भविष्य में हम जब भी सरकार बनाएंगे, हम आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देंगे। इसकी शुरूआत बिहार से होगी।"

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष पर लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, "ट्रंप की तरफ से एक फोन कॉल आया और नरेन्द्र मोदी जी ने तुरंत आत्मसमर्पण कर दिया। ट्रंप ने खुद कम से कम 11 बार सार्वजनिक रूप से इस बारे में (शांति स्थापित कराने के बारे में) कहा है। लेकिन, प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर चुप हैं। मुझे पता है कि उनके पास इस पर कहने के लिए कुछ नहीं है।"

# पीएम ने किया चिनाब ब्रिज का उद्घाटन

## पाकिस्तान की साजिश थी कश्मीर को बर्बाद करना: मोदी

**ऐतिहासिक पल**
- लाखों लोगों का सपना साकार हुआ: नरेंद्र मोदी
- पाकिस्तान ने पहलगाम में इन्सानियत और कश्मीरियत, दोनों पर वार किया



**कटरा, 6 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू-कश्मीर में चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया और इस दौरान तिरंगे को हवा में लहराया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कटरा में एक जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान मानवता और गरीबों की आजीविका का विरोधी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कश्मीर के आदिल को भी मार डाला।

पाकिस्तान ने पहलगाम में इन्सानियत और कश्मीरियत, दोनों पर वार किया। उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था, कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई रोकने का था, इसलिए पाकिस्तान ने पर्यटकों पर हमला किया। मोदी ने पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित घरों के मालिकों की सहायता बढ़ाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से रिहायशी इलाकों पर की गयी गोलाबारी में ज्यादा क्षतिग्रस्त मकानों के मरम्मत के लिए दो लाख रुपये और कम क्षतिग्रस्त हुए मकानों की मरम्मत के लिए एक लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की मंशा कश्मीर को तबाह करने की थी। उसने कश्मीर की कई पीढ़ियों को बर्बाद किया, जिससे कश्मीर ने आतंक को ही अपना भाग्य मान लिया था। लेकिन अब यहां के हालात बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री यहां चिनाब नदी पर अंजी रेल पुल के उद्घाटन और कटरा से श्रीनगर के लिए पहली वंदेभारत यात्री सवार गाड़ी को हरी झंडी दिखाने के साथ ही कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा कि पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला हुआ। पाकिस्तान पर्यटन का विरोध करता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि जब भी पाकिस्तान इसका नाम लेगा, उसे अपनी करारी हार याद आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज छह जून है... संयोग से ठीक एक महीने पहले आज की ही रात पाकिस्तान के आतंकियों पर कयामत बरसी थी। उन्होंने कहा, 'अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी फौज और आतंकवादियों ने कभी नहीं सोचा था कि भारत, पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों पर इस तरह वार करेगा। वर्षों की मेहनत से उन्होंने आतंक की जो इमारतें बनाई थीं, वो कुछ ही मिनटों में खंडहर बन गईं।

### प्रोजेक्ट में 31 साल का लगा समय

योगदान(यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। 2002 में इसे नेशनल प्रोजेक्ट घोषित किया गया। 31 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा में छह प्रधानमंत्री और 16 रेलवे मंत्रियों का योगदान रहा। पीवी नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, एचडी देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल, मनमोहन सिंह के शासनकाल में भी इस प्रोजेक्ट पर काम होता रहा। बीच में कई चुनौतियां बाधा बनकर खड़ी रहीं।

धीरे-धीरे उधमपुर-कटड़ा खंड, कटड़ा से बारामुला फिर बारामुला से काजीगुंड तक का काम पूरा हुआ। इसके बाद काजीगुंड से बनिहाल सेक्शन मील का पत्थर साबित हुआ। इस सेक्शन में सबसे लंबी सुरंग भारतीय रेलवे की इंजीनियरिंग का बेमिसाल नमूना है। वर्ष 2014 को प्रोजेक्ट की प्रगति के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है।

### सूचना

देश एवं प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद।

ईद-उल-अजहा के मौके पर तरुणमित्र प्रेस एवं कार्यालय 7 जून 2025 को बन्द रहेगा अतएव पत्र का अगला प्रकाशन 9 जून 2025 को होगा।

– सम्पादक

## डिनो मोरिया सहित कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**मुंबई, 6 जून।** मीठी नदी सफाई घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शुक्रवार को सुबह से एक्टर डिनो मोरिया, मुख्य आरोपित केतन कदम और जयेश जोशी के आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम को इस छापेमारी के दौरान बहुत से महत्वपूर्ण सबूत मिलने के संकेत हैं, लेकिन ईडी ने इसकी अधिकृत जानकारी मीडिया को नहीं दी है।

सूत्रों के अनुसार आज सुबह करीब पांच बजे ईडी की टीम एक्टर डिनो मोरिया, उनके भाई और अन्य आरोपितों के आवास पर पहुंची और तब से लगातार छापेमारी कर रही थी। ईडी की टीम इस मामले में हुई वित्तीय अनियमितता के कागजात की भी छानबीन कर रही है।

बताया जा रहा है कि तलाशी के दौरान महत्वपूर्ण सबूत ईडी के हाथ लगे हैं। पिछले महीने, मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 65 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में अभिनेता डिनो मोरिया और उनके भाई सैंटिनो से पूछताछ की थी।

ईडी ने एक दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और दो लोगों जयेश जोशी और केतन कदम को गिरफ्तार किया था। इस घोटाले के कारण 1200 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने का आरोप लगाया गया है।

# देश-विदेश के लिए वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा उज्जैन: डॉ. यादव

**बावड़ी उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 'बूंद सहेजे बावड़ी' पुस्तक का विमोचन और सिंदूर के पौधे का किया रोपण**

**भोपाल, 6 जून।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान में श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने 'बूंद सहेजे बावड़ी' पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्री चिंतामण गणेश के आशीर्वाद से देश-प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयाँ छू रहा है। उज्जैन में आयोजित की गई वेलनेस समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उज्जैन देश-विदेश के लिए मानसिक शांति, आध्यात्म और वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन-इंदौर नवीन फोरलेन पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशन का उन्नयन भी किया जाएगा। मां क्षिप्रा को कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना और सेवारखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना से स्वच्छ, निर्मल और प्रवाहमान किया जा रहा है। इससे सिंहस्थ स्नान मां क्षिप्रा के स्वच्छ जल से हो होगा।

देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नवीन क्षिप्रा घाटों का निर्माण किया जा रहा है। सभी सुविधा श्रद्धालुओं को



सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश में जल संरक्षण का संदेश, जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और भू-जल स्तर में सुधार पर कार्य कर जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करने के उपाय किये गये हैं। जन अभियान परिषद द्वारा बताया गया कि बावड़ी उत्सव में बावड़ियों के स्थल की जन सहभागिता से जीर्णोद्धार, प्रकाश, साफ सफाई, साज-सज्जा, जल आने के मार्गो को खोलकर जल संरचनाओं को नव जीवन प्रदान किया जा रहा है। जीर्णोद्धार के बाद बावड़ी उत्सव अंतर्गत बावड़ी का परंपरागत पूजन भी किया जा रहा है और जलस्त्रोत संरक्षण केन्द्रित संदेश अथवा बावड़ी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी देकर, जल संचय का संदेश दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में संपूर्ण अभियान में परिषद के प्रयासों से 36 लाख 34 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हुई है। परिषद् द्वारा जल गंगा संवर्धन

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद पुलिस को फोन पर मिली दिल्ली की मुख्यमंत्री को मार देने की धमकी

**गाजियाबाद, 6 जून।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर कॉल कर दिल्ली के मुख्यमंत्री को जान से मरने धमकी दी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचित कर दिया। शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को कॉल करके दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी है। इस धमकी के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। गाजियाबाद पुलिस ने मामले की गंभीरता के साथ जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जिले एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि थाना कोतवाली नगर में डायल 112 पर एक कॉल आयी। जिसमें कॉल करने वाले ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को जान से मार दिया जाएगा।

### स्टारलिंक की भारत में एंट्री, सेटेलाइट सेवाओं के लिए मिला लाइसेंस

**दिल्ली, 6 जून।** दूरसंचार विभाग ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में अपने सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की शुरूआत करने को मंजूरी दे दी है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि स्टारलिंक तीसरी कंपनी है, जिसे यह अनुमति मिली। इससे पहले यूटेलसैट वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी दी गई थी। स्टारलिंक को तीसरे सैटेलाइट इंटरनेट प्रोवाइडर के रूप में लाइसेंस दिया गया है।

लाइसेंस के बाद स्पेक्ट्रम आवंटन होगा, जिससे सैटेलाइट टेलीकॉम सेवाएं तेजी से शुरू होंगी। यह सेवा खासकर उन क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंचाएगी जहां पारंपरिक नेटवर्क स्थापित करना मुश्किल है। मंजूरी के बाद अब स्टारलिंक भारत में अपने सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की शुरूआत करने के और करीब पहुंच गया है।

### अमेठी में बनेगा यूपी का पहला डिजिटल अभिलेखा गार जिला

**अमेठी, 6 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश का अमेठी जल्द ही राज्य का पहला डिजिटल रिकॉर्ड अभिलेख वाला जिला बन जाएगा जहां जिले के सभी पुराने राजस्व अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जा रहा है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यूपी में राजस्व अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में ही मिलते है। जब राजस्व अभिलेख पुराने हो जाते है तो कागज धीरे धीरे मृत प्रायः हो जाते है। ऐसे में अभिलेख मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला अधिकारी अमेठी संजय चौहान ने एक यूनिक तरीका अपनाया है। इसके लिए राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कर उन्हे संरक्षित करने की दिशा में काम अमेठी में चल रहा है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब सभी अभिलेखों को स्कैन कर एक विशेष सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा।

## पहला एंटी सबमरीन वारफेयर 'अर्णाला' 18 को नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

**मजबूती**
- हिंद महासागर क्षेत्र में आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी

**नई दिल्ली, 6 जून।** देश का पहला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'अर्णाला' 18 जून को समुद्री बेड़े में शामिल होगा। भारतीय नौसेना विशाखापट्टनम के नौसेना डॉकयार्ड में इसे अपने बेड़े में शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह पोत भारत की नौसैनिक क्षमताओं में बड़ा बदलाव लाने के साथ ही तटीय सुरक्षा को मजबूत करेगा।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को पुनः सुदृढ़ करेगा। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में निर्मित यह स्वदेशी जहाज पिछले माह एलएंडटी शिपयार्ड, कट्टूपल्ली में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। इस युद्धपोत को लार्सन एंड टुब्रो शिपयार्ड के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत डिजाइन और निर्मित किया है। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक 'अणार्ला' किले के नाम पर बना यह युद्धपोत भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दर्शाता है। विभिन्न खतरों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे इसी किले की तरह जहाज को समुद्र में मजबूत उपस्थिति के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मजबूत निर्माण और उन्नत क्षमताएं सुनिश्चित करती हैं कि यह जहाज समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करके उभरते खतरों से भारत के जल की रक्षा कर सकता है।

जहाज उत्पादन निदेशालय के मार्गदर्शन और कोलकाता और कट्टूपल्ली में युद्धपोत निगरानी टीमों की देखरेख में निर्मित 'अणार्ला' को 08 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था।

### पांच लाख का इनामी नक्सली मरौ नूरेटी उर्फ राजू नुरुटी गिरफ्तार

**कांकेर, 6 जून।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना छोटे बेटिया पुलिस और बीएसएफ ने शुक्रवार को घेराबंदी कर बिनागुंडा के जंगल से पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली मरौ नूरेटी उर्फ राजू नुरुटी को गिरफ्तार कर लिया है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि की है। थाना छोटे बेटिया पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बीएसएफ और छोटे बेटिया पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।

इसमें संदिग्ध ने अपना नाम मरौ नूरेटी उर्फ राजू नूरुटी विनागुंडा निवासी बताया। उसने यह भी स्वीकार किया कि नक्सली कमाण्डर रामदेर, शंकर राव, दर्शन पद्दा, सोनू दरों, कैलाश, लिंगू मधु, हीरालाल, देव सिंह, रुपी, गोपी और अन्य 15 से 20 नक्सलियों के साथ ग्राम झारावर के आगे पहाड़ी जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ शामिल रहा था।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस लाइन उज्जैन में कई कार्यों का किया लोकार्पण

**भोपाल, 6 जून।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन प्रवास के दौरान यहां पुलिस लाइन स्थित सेल्फ स्टडी जोन, दिशा लर्निंग सेंटर, पार्क और ओपन जिम का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ यादव को सलामी दी गई। मुख्यमंत्री ने पार्क में सांकेतिक रूप से एक्सरसाइज कर सभी को नियमित व्यायाम कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती



यादव, जनप्रतिनिधि संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### भारत-मध्य एशिया संवाद में आतंकवाद की निंदा

**नई दिल्ली, 6 जून।** भारत और मध्य एशिया के बीच आज दिल्ली में चौथा भारत-मध्य एशिया संवाद आयोजित किया गया। इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की। इसमें कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री शामिल हुए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि बैठक में कनेक्टिविटी, क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, प्रौद्योगिकी सहयोग, विकास साझेदारी और जन-से-जन संपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने मध्य एशियाई भागीदारों का विशेष आभार व्यक्त किया कि उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि हमारी आज की बातचीत न केवल उत्पादक रही, बल्कि इससे भारत और मध्य एशिया के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में रास्ता साफ होगा।

**बेंगलुरु भगदड़ केस : अनुष्का-विराट के बेहद करीबी पहुंचे जेल**

## कोहली-अनुष्का तक भी पहुँच सकती है जांच की आंच

**मुश्किलें**
- पुष्पा के अभिनेता भी ऐसी ही भगदड़ में कर चुके हैं जांच का सामना
- रॉयल चैलेंजर्स को जश्न और विक्ट्री परेड पड़ी महंगी
- आरसीबी ने मृतकों के परिजनों को किया 10-10 लाख मुआवजे का ऐलान

■ सुभाष पाण्डेय

**नई दिल्ली, 6 जून।** 18वीं आईपीएल ट्रॉफी जीतकर जश्न और विक्ट्री परेड निकालने वाली रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु को अब आगे बहुत कुछ भुगतना पड़ सकता है। फिलहाल विक्ट्री परेड निकालने से मना करने और सुरक्षा व्यवस्था देने में असमर्थता व्यक्त करने वाली बेंगलुरु पुलिस ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आदेश के बाद शुक्रवार को इस मामले में निखिल सोसाले, किरण कुमार, सुमंत और सुनील मैथ्यू को गिरफ्तार कर लिया।

निखिल सोसाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में मार्केटिंग और रेवेन्यू प्रमुख के हैं, वहीं किरण, सुमंत और मैथ्यू डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क के कर्मचारी हैं। निखिल बेंगलुरु से मुंबई की यात्रा करने के लिए एयरपोर्ट पर थे। एक दिन पहले ही दर्ज एफआईआर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का नाम भी शामिल किया गया था। इस तरह से आरसीबी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। विराट कोहली की टीम रॉयल चैंलजर्स बेंगलुरु 3 जून को पंजाब किंग्स को 6 रन से हराने के बाद 18 साल में पहली बार आईपीएल का खिताब जीतने में कामयाब रही थी। इसके बाद टीम ने उत्साह में 4 जून को सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में जश्न का समय और विक्ट्री परेड निकालने का ऐलान किया था।

हालांकि, दोपहर होते-होते कर्नाटक पुलिस ने हाथ खड़े कर दिए और टीम के जिम्मेदारों को विक्ट्री परेड निकालने से मना कर दिया। पुलिस ने टीम को स्टेडियम के अंदर सेलिब्रेशन भर की इजाजत दी थी।

बताया जा रहा है कि जश्न में शरीक होने को लगभग 3 लाख लोग जमा हो गए, जबकि स्टेडियम की कैपेसिटी 32 हजार ही है। गेट नंबर-1 पर भगदड़ की खबर आई और उसमें 11 फैंस की मौत हो गई, जबकि लगभग 50 घायल हुए।

## कुर्बानी की अनुमति याचिका: सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली, 6 जून।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में एक 'दरगाह' पर ईद-उल-अजहा और उर्स के अवसर पर पशु कुबार्नी की अनुमति देने वाले बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। किला एक संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में पशुओं और पक्षियों के वध पर रोक लगा दी थी।

उच्च न्यायालय के तीन जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। मामले का उल्लेख करने वाले वकील ने कहा, "कल बकरीद है और उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ में एक संरक्षित स्मारक में कुबार्नी की अनुमति दी है।" उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने 12 जून तक उर्स के लिए संरक्षित स्मारक क्षेत्र में भी पशु वध की अनुमति दी है।

पीठ ने कहा, "संरक्षित स्मारकों में बहुत सारी धार्मिक गतिविधियां हो रही हैं।" वकील ने दावा किया कि महाराष्ट्र राज्य की एक विशिष्ट अधिसूचना है, जिसमें कहा गया है कि संरक्षित क्षेत्र में जानवरों का वध नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष उच्च न्यायालय ने बंद परिसर में पशु वध की अनुमति दी थी। वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि पिछले साल जो प्रतिबंध थे, वे इस साल भी लागू होंगे।

# राहुल गांधी लोगों को गुमराह करने और वोटों की राजनीति के लिए कर रहे जातिगत जनगणना की बातः डॉ. के.लक्ष्मण

**भोपाल।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 11 वर्षों में देश और पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए जो काम किए हैं, वो कांग्रेस की सरकारों ने कई दशकों में भी नहीं किए। उन्होंने जातिगत जनगणना का जो निर्णय लिया है, वो एक ऐतिहासिक है। कांग्रेस के लोग आज ये दुष्प्रचार कर रहे हैं कि मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना का निर्णय राहुल गांधी के दबाव में लिया है। मैं राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं से यह पूछना चाहता हूं कि देश में 60 सालों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं और नेहरू-गांधी परिवार के तीन-तीन सदस्य प्रधानमंत्री रहे। उस समय राहुल गांधी जातिगत जनगणना की मांग क्यों नहीं की? आज जब वो विपक्ष में हैं तो लोगों के गुमराह करने के लिए और वोटों की राजनीति के लिए जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं।

डॉ. लक्ष्मण ने शुक्रवार को भोपाल में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा की वृहद कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से देश में जातिगत जनगणना होती रही, लेकिन देश के स्वतंत्र होने पर पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने सेंट्रल सेंसस एक्ट के माध्यम से जातिगत जनगणना बंद कर दी। पं. नेहरू ने काका कालेलकर समिति की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

ओबीसी कमीशन नहीं बनाया। आगे चलकर स्व. मोरारजी देसाई की सरकार ने मंडल कमीशन का गठन किया। बाद में इंदिरा गांधी की सरकार ने उस पर चुप्पी साधे रखी और स्व. वी.पी.सिंह की सरकार ने उसे लागू किया। उस समय कांग्रेस के नेता स्व. राहुल गांधी ने संसद में एक घंटे 40 मिनट का भाषण दिया और मंडल कमीशन का विरोध किया। सन 1961 में पं. नेहरू ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखकर आरक्षण को आर्थिक आधार पर किए जाने की बात कही थी।



डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार के समय भाजपा ने जातिगत जनगणना की मांग की थी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना की बात से भाजपा कभी पीछे नहीं हटी। 2014 में मोदी सरकार बनने पर तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथसिंह ने कहा था कि हम जातियों को जोड़कर जनगणना करेंगे, लेकिन कोविड संकट के कारण यह संभव नहीं हो सका। डॉ. लक्ष्मण ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम कांग्रेस के झूठ और मोदी सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के हित में किए गए कामों को देश-प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाएं।

**60 सालों में पिछड़ा वर्ग के लिए मंत्रालय नहीं बना सकी कांग्रेस: विष्णुदत्त शर्मा-** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार 9 जून को अपना 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रही है। केंद्र में 2014 में सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ आगे बढ़े। उन्होंने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किए। प्रधानमंत्री मोदी जिन चार जातियों गरीब, युवा, महिला और किसान की बात करते हैं, उनके कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए। चाहे महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण हो या फिर पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए नीट, में आरक्षण, पीएससी, यूपीएससी की कोचिंग हो या फिर विदेश में पढ़ाई की व्यवस्था हो, भाजपा की सरकार ने ऐसे अनेक कदम उठाए हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी ने देश पर करीब 60 सालों तक शासन किया, लेकिन झूठ फैलाकर माहौल बिगाड़ने, लोगों को गुमराह करने और ज्ञान बांटने के अलावा कुछ नहीं किया। पिछड़ा वर्ग आयोग कहीं अधिकार संपन्न न हो जाए, इस डर से कांग्रेस ने आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। काका कालेलकर समिति की रिपोर्ट को बरसों तक ठंडे बस्ते में डाले रखा। कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न दिए जाने की राह में रोड़े अटकाए और कदम-कदम पर उनका अपमान किया। मध्यप्रदेश की तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने हाईकोर्ट में ठीक से पक्ष न रखकर ओबीसी आरक्षण के मामले को उलझा दिया। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमें भाजपा सरकार के कामों, उपलब्धियों और कांग्रेस के नकारापन को घर-घर तक पहुंचाना है।

## बकरा ईद आज, वक्फ बोर्ड की एडवाइजरी, खुले में कुर्बानी पर रोक



**जबलपुर।** मप्र वक्फ बोर्ड ने कुर्बानी के लिए सात बिंदुओं पर आधारित एडवाइजरी जारी की है। इस अवसर पर बोर्ड ने अपने अधीनस्थ सभी वक्फ मुतवल्लियों और प्रबंध समितियों को निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा, बोर्ड ने निर्देश दिया कि ईद की नमाज केवल ईदगाह या मस्जिद परिसर में ही अदा करें। एडवाइजरी में साफ-सफाई,सरकारी नियमों का पालन और सोशल मीडिया पर कुर्बानी के वीडियो न डालने की अपील की है। मप्र वक्फ बोर्ड के अनुसार, प्रदेश में मस्जिदें, कब्रिस्तान, दरगाह, ईदगाह, करबला, मदरसे और स्कूलों के रूप में लगभग 15 हजार वक्फ संपत्तियां रजिस्टर्ड हैं। ईद-उल-अज्हा, सबसे खास त्योहारों में से एक है।

वक्फ बोर्ड ने अपने अधीनस्थ मुतवल्लियों और समितियों को आदेश जारी करते हुए कहा है कि कुर्बानी निर्धारित स्थान पर ही की जाए और उसमें सरकारी कानूनों का पूरी तरह पालन हो। जिसमें कुर्बानी की जगह चारों ओर से बंद हो, साफ सफाई का पूरा ध्यान दिया जाए, निषिद्ध जानवरों की कुर्बानी पर पूर्ण रोक, कुर्बानी का कोई वीडियो या ऑडियो न बनाएं और शेयर न करने के आदेश दिए गए हैं। इससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इन गाइडलाइंस का सख्ती से पालन कराएं, और जनजागरूकता अभियान भी चलाएं। बोर्ड ने कहा है कि धार्मिक कार्यों में नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सफाई,दवाई छिड़काव और अवशेषों के सही निष्पादन का पालन करना चाहिए। जानवर की अनुपयोगी चीजें नगर निगम के निर्धारित कंटेनर में डालें, कुर्बानी का स्थान ढका हो, नमाज केवल ईदगाह या मस्जिद परिसर तक सीमित हो। इस बार सऊदी अरब में 27 मई को चांद नजर आया, जिसके आधार पर वहां 6 जून को बकरीद मनाने की घोषणा की गई। भारत में चांद एक दिन बाद दिखा, जिस कारण यहां बकरीद 7 जून, शनिवार को मनाई जाएगी। मुख्य नमाज रानीताल ईदगाह में की जाएगी।

## सूर्य नमस्कार एवं वैदिक मंत्रों का सामूहिक पाठ



**गुना।** भारत विकास परिषद द्वारा शहर के मॉर्डन चिल्ड्रन स्कूल में आयोजित हो रहे बाल संस्कार शिविर में प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को संस्कारित करने के साथ उनके सवार्गीण विकास का प्रयास भी हो रहा है। शुक्रवार को शिविर का छठवां दिन रहा। प्रतिदिन की तरह शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजकऋषिकेश भार्गव की उपस्थिति में माँ सरस्वती जी की वंदना से हुआ। इसके उपरांत बच्चों द्वारा सूर्य अर्क अर्पण, योग अभ्यास, सूर्य नमस्कार तथा वैदिक मंत्रों का सामूहिक पाठ किया गया।

पर्यावरण जागरुकता सत्र में आनंद कृष्णानी ने बच्चों से संवाद करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने बच्चों को एक सुझाव दिया कि प्लास्टिक कचरे को एक खाली बोतल में भरकर सुरक्षित रूप से एकत्रित किया जाए। उन्होंने यह भी समझाया कि यदि प्लास्टिक घर में आ भी जाए तो उसका सही निस्तारण कैसे किया जाए। इस दौरान उन्होने बच्चों को इस नियम का अपने घर में पालन करने के साथ ही स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

शिविर का समापन कल 7 जून को पूर्ण वैदिक रीति से होगा। इस दौरान वैदिक हवन होगा। जिसमें बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आहुतियाँ अर्पित करेंगे, वहीं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी।

## महिला ने अपने दो साल के बच्चे को सड़क पर छोड़ा

**अशोकनगर।** अशोकनगर के बहादुरपुर में शुक्रवार दोपहर को एक महिला ने अपने दो साल के बच्चे को सड़क पर छोड़कर चली गई। बच्चा सड़क पर पड़ा-पड़ा रो रहा था। वहां से वाहन भी गुजर रहे थे।घटना का वीडियो सामने आया है। जानकारी के अनुसार बच्चे की मां गीता बाई उज्जैन की रहने वाली है। वह अपने मायके बहादुरपुर क्षेत्र के खैरखाड़ी गांव आई हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया शुक्रवार दोपहर को गीता ने बस में हंगामा किया, जिसके कारण उसे उतार दिया गया। इसके बाद ऑटो वालों ने भी उसे बैठाने से मना कर दिया। जिसके बाद गुस्से में गीता ने अपने कुपोषित बच्चे को सड़क पर छोड़ दिया और वहां से चली गई। बच्चा सड़क पर पड़ा-पड़ा रो रहा था। वहां से वाहन भी गुजर रहे थे। एक राहगीर अमित पाल ने बच्चे को उठाया और पास की दुकान पर ले गया। कुछ देर बाद उसकी मां भी थाने पहुंची। थाना प्रभारी अरविंद कछ्वाह बच्चे की तलाश में टीम भेजने ही वाले थे कि कुछ लोग बच्चे को लेकर थाने पहुंच गए।

# इंदौर में एयरपोर्ट के समीप शुरू होगा मेट्रो का अंडरग्राउंड काम, शेड लगाए, ड्रोन सर्वे भी हो रहा

**इंदौर।** इंदौर में मेट्रो के अंडरग्राउंड हिस्से में अब काम शुरू हुआ है। शुरूआत गांधी नगर से एयरपोर्ट को जोड़ने वाले हिस्से में होगी। इसके लिए सड़क के मध्य हिस्से में शेड लगााए जा रहे है। मध्य क्षेत्र में अंडरग्राउंड हिस्से में ज्यादातर काम नाथ मंदिर रोड से एयरपोर्ट रोड तक होना है, लेकिन अभी तक वहां काम शुरू नहीं हो सका है।

मेट्रो का डिपो गांधी नगर है। इससे पहले एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा। 31 किलोमीटर लंबे रुट की शुरूआत एयरपोर्ट से सुपर कॉरिडोर, चंद्रगुप्त मोर्य प्रतिमा चौराहा, सुखलिया ग्राम, विजय नगर, खजराना चौराहा, बंगाली कॉलोनी, एमजी रोड, राजवाड़ा, बड़ा गणपति तक होगी। फिर एयरपोर्ट तक रुट बनेगा। मेट्रो कहां से अंडरग्राउंड होना है। इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय चाहते है कि बंगाली कॉलोनी क्षेत्र से ही मेट्रो अंडरग्राउंड होना चाहिए,ताकि पलासिया चौराहे पर ब्रिज बनाने में परेशानी न हो,हालांकि मेट्रो के स्टेशन और रुटों का नोटिफिकेशन हो चुका है। इस कारण अब बदलाव संभव नहीं है।



दिल्ली की तरह एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशन की कनेक्टिविटी एस्केलेटर के जरिए होगी। एयरपोर्ट पर उतरने वाले यात्री अपने लगेज के साथ आसानी से मेट्रो ट्रेन पकड़ सकेंगे। मेट्रो का स्टेशन एयरपोर्ट की पार्किंग के समीप ही बनेगा। इसके लिए ड्रोन सर्वे भी किया जा रहा है। अगले वर्ष तक मेट्रो का संचालन 17 किलोमीटर लंबाई में होगा। गांधी नगर से मेट्रो ट्रेन रेडिसन चौराहा तक जाएगी।

**एक लाख से ज्यादा यात्रियों ने किया सफरः** मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ 31 मई को हुआ है। छह किलोमीटर हिस्से में फिलहाल ट्रेन शहरवासियों के लिए फ्री चलाई जा रही है। छह दिनो में एक लाख से ज्यादा यात्रियों ने मेट्रो ट्रेन में सफर किया है। मेट्रो ट्रेन के प्रतिदिन 100 फेरे लग रहे है। पहले दिन 26 हजार यात्रियों ने सफर किया था। शनिवार को मुफ्त के समय की मियाद खत्म हो जाएगी। रविवार से यात्रियों को मेट्रो में सफर के लिए शुल्क चुकाना होगा।

## निर्जला एकादशी के दिन हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र नर्मदा में लगाई डुबकी



**अनूपपुर।** जिले के अमरकंटक में शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर हजारों श्रद्धालुओं ने पावन सलिला मां नर्मदा जी के कोटि तीर्थ घाट, नर्मदा कुंड, रामघाट सहित अन्य तटों पर आस्था की डुबकी लगाई। शासकीय आंकड़ों के अनुसार एकादशी लगभग 30 -40 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने नर्मदा में डुबकी लगाकर स्नान विधिवत पूजन अर्चन किया।

रामघाट एवं कोटि तीर्थ कुंड में सुबह से ही नर्मदा उद्गम की कुंड में डुबकी लगाने की भारी भीड़ रही। उल्लेखनीय है कि जेष्ठ मास शुक्ल पक्ष एकादशी हस्त नक्षत्र के योग पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान दर्शन पुण्य लाभ लिया तथा पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की।

## महाकाल के दरबार में पहुंचे मंत्री एसएस मलिकार्जुन, सपरिवार किये दर्शन

**उज्जैन।** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी के पावन अवसर पर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भस्म आरती में शामिल होने से लेकर पूजन अर्चन तक का सिलसिला लगातार जारी है। मंदिर प्रशासन द्वारा दर्शन व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। एकादशी पर शुक्रवार को उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुबह से ही वीआईपी श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। कर्नाटक सरकार के कैबिनेट मंत्री एस.एस. मलिकार्जुन अपने परिवार के साथ उज्जैन प्रवास के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। इसके अलावा पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने भी शुक्रवार सुबह भगवान महाकाल के दर्शन किए।

कर्नाटक सरकार के कैबिनेट मंत्री एस.एस. मलिकार्जुन ने शुक्रवार सुबह परिवार के साथ भस्म आरती में भाग लिया और करीब दो घंटे तक बाबा की भक्ति में लीन नजर आए। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक प्रतीक द्विवेदी ने मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान प्रशांत त्रिपाठी और आशीष दुबे भी मौजूद रहे।



**पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने की नंदी बाबा की पूजाः** पूर्व कैबिनेट मंत्री उषा ठाकुर ने उज्जैन प्रवास के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने नंदी बाबा की पूजा कर उनके कानों में अपनी मनोकामना भी कही।

महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य आशीष दुबे ने उषा ठाकुर का स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं भी मौजूद रहे। वहीं दर्शन के पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि प्रभु श्री महाकाल के चरणों का दर्शन आज प्राप्त हुआ है। बाबा महाकाल के दर्शन इसी तरह होते रहें, यही हमारे जीवन का सौभाग्य है। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मंदिर की व्यवस्थाएं अत्यंत सराहनीय हैं।

## दो माह में पश्चिम मध्य रेल ने 9 मिलियन टन से अधिक माल किया लदान




**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने माल लदान में वृद्धि दर्ज करते हुए चालू वित्तीय वर्ष के दूसरे माह में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग के संयुक्त प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष के दूसरे माह मई 2025 में 4.96 मिलियन टन माल लदान किया, जो गत वित्तीय वर्ष मई 2024 में 4.78 मिलियन टन से लगभग 04 प्रतिशत अधिक रहा।

इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल एवं मई 2025 में कुल 09.54 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 09.29 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि लगभग 03 प्रतिशत अधिक है। फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों में व्यापार विकास इकाइयां के तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल व्यापारियों के साथ निरंतर बैठकें की जाती हैं । इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई। नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है।

## राजा के परिजनों ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर की सीबीआई जांच की मांग

**इंदौर।** इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की हत्या और उनकी पत्नी सोनम के लापता होने का मामला प्रधानमंत्री तक पहुंचा है। राजा के परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है।

मेघालय में मृत पाए गए राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि-हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है। मेघालय पुलिस ने इस केस को शुरूआत से ही हल्के में लिया। यदि पुलिस सजग रहती तो लापता होने के दूसरे दिन ही गुत्थी सुलझ सकती थी। विपिन ने कहा कि सीबीआई जांच से राजा को न्याय मिल सकता है और सोनम को ढूंढना आसान हो सकता है।

इंदौर में जब राजा रघुवंशी की शव यात्रा उनके निवास से निकली थी तो बड़ा पोस्टर परिजनों ने मकान पर लिखा था। राजा मरा नहीं है। उसे मारा गया है। सीबीआई जांच होना चाहिए। राजा की शव यात्रा में भी लोगों ने इंसाफ चाहिए। सीबीआई की जांच हो के नारे लगाए थे। आपको बता दे कि राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम मेघालय में हनीमून पर गए थे।

इंदौर के इस जोड़े को आखिरी बार 23 मई को देखा गया था। राजा का शव 2 जून को मेघालय के चेरापूंजी के पास एक खाई में मिला था, लेकिन सोनम अभी भी लापता है। दो सप्ताह बाद भी पुलिस उसे खोज नहीं पाई है। उसकी तलाश के लिए जांच जारी है।

## सशस्त्र सेना झण्डा निधि में सराहनीय योगदान के लिए कलेक्टर विश्वकर्मा सम्मानित



**रायसेन।** शहीद सैनिकों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों तथा सशस्त्र सेना झण्डा निधि में लक्ष्य से अधिक राशि एकत्रित कर सहयोग करने के लिए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की ओर से शुक्रवार को रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया है। राज्यपाल की ओर से कलेक्टर विश्वकर्मा को कर्नल राजीव खत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इसके पहले, कलेक्टर विश्वकर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिकों के साथ आयोजित बैठक में एक-एक भूतपूर्व सैनिक से संवाद किया और उनकी समस्याएं जानी तथा निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में भूतपूर्व सैनिकों तथा शहीद सैनिकों के परिजनों से संवाद करेंगे। संवाद के दौरान भूतपूर्व सैनिकों द्वारा अपने सेवाकाल के समय के संस्मरण भी सांझा किए गए। इस अवसर पर सूबेदार तथा जिला सैनिक कल्याण संयोजक भानुप्रताप सिंह, हवलदार मुन्नालाल गौर सहित अनेक भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भूतपूर्व सैनिकों तथा शहीद सैनिकों के परिजनों के कल्याण हेतु वर्ष 2024-25 में रायसेन जिले द्वारा निर्धारित लक्ष्य 543500 रुपये के विरूद्ध 545000 रुपये की राशि एकत्रित कर प्रदान की गई है।

# आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जा रहा रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण

## सभी कोषालय अधिकारियों को डाटा की पुष्टि के लिए दिए निर्देश

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से नियमित रूप से किया जा रहा है। यह एक निरंतर प्रक्रिया है। इस संबंध में कोष एवं लेखा आयुक्त कार्यालय द्वारा शुक्रवार को सभी कोषालय, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समय-समय पर पत्र लिखकर डाटा की पुष्टि के लिए निर्देश दिए गये हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया कि कोष एवं लेखा आयुक?त कार्यालय के अंतर्गत एक राज?य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एस.एफ.आई.सी.) संचालित है जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डाटा का विश्लेषण करता है। जिसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। इस सेल द्वारा ऐसे लगभग 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण किया गया, जिनके पिछले चार महिनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों के विवरण का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध?यम से संबंधित डी.डी.ओ. से करवाये जाने हेतु आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। यह एक निरंतर प्रक्रिया है जो समय-समय पर आयुक?त कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा की जाती है।




उन्होंने बताया कि माह दिसंबर 2024 के डाटा का परीक्षण कर पाया गया कि ऐसे कर्मचारी हैं जिनके एम्पलाई कोड आवंटित है किंतु सेवानिवृत्ति तिथि की प्रविष्टि नहीं हुई है। आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में एग्जिट प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है, फिर भी चार माह से वेतन आहरण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में कोष एवं लेखा आयुक्त कार्यालय द्वारा सभी कोषालय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को संबंधित डाटा प्रदान कर 15 दिन में कारण सहित पुष्टि करायी जाए। उनके द्वारा वेतन आहरण किस कारण से नहीं किया जा रहा है।

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से प्राप्त जानकारी को कार्यालय आयुक्त कोष-लेखा को अवगत कराया जायेगा। यदि डेटा के सत्यापन में कोई त्रुटि संज्ञान में आती है तो संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा के माध्यम से तत्काल प्रतिवेदन भेजा जाना होगा। इससे स्पष्ट है कि रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई के डाटा संबंधी परीक्षण और निरीक्षण एक सामान्य और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

# माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत शहडोल संभाग के युवा दल ने किया महेश्वर का भ्रमण

**खरगोन।** खेल और युवा कल्याण विभाग मप्र शासन की योजना के अंतर्गत माँ तुझे प्रणाम शहडोल संभाग के डिण्डौरी, अनुपपुर, उमरिया, शहडोल जिले के चयनित युवा दल ने माड़व और ओंकारेश्वर भ्रमण कर महेश्वर में रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार को सुबह ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध नगरी महेश्वर का भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था।

इस दल में संभाग के विभिन्न जिलों से चयनित 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवक शामिल थे। भ्रमण के दौरान युवाओं ने नर्मदा तट पर स्थित महेश्वर किले, रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक, प्राचीन मंदिरों का अवलोकन किया। युवाओं ने स्थानीय इतिहास,



सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक विकास कार्यों की जानकारी ली। जिला खेल अधिकारी पवी दुबे ने बताया कि इस प्रकार की यात्राओं से युवा अपने राज्य की सांस्कृतिक विविधता को नजदीक से समझ पाते हैं, जिससे उनमें आत्मगौरव और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है। खेल अधिकारी ने युवाओं से मुलाकात कर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की स्थिति अवलोकन किया एवं दल के साथ भ्रमण कर उन का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ विभागीय ब्लॉक समन्वयक जितेन्द्र हिरवे, भानुप्रताप दंसौधी, पकंज बर्डे, अनिता हिरवे उपस्थित रही।

## देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर दो दिवसीय पोवाडा एवं नृत्यनाट्य सांस्कृतिक संध्या आज से

**भोपाल।** संस्कृति विभाग की मराठी साहित्य अकादमी द्वारा 'स्मरण प्रसंग' शीर्षक से पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर 7 एवं 8 जून को दो दिवसीय पोवाडा एवं नृत्यनाट्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन शाम 5 बजे से हंसध्वनि सभागार, रवीन्द्र भवन में किया जा रहा है।मराठी साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक संतोष गोडबोले ने शुक्रवार को बताया कि सांस्कृतिक संध्या में भोपाल की लगभग 14 स्थानीय संस्थाओं के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति लोक-नृत्यों, अभंग-गायन, पर्व एवं त्यौहार आदि की संगीतमय प्रस्तुति होगी। सांगली महाराष्ट्र से आमंत्रित कलाकार शाहीर रत्न प्रसाद विभूते एवं साथी कलाकारों द्वारा मराठी पोवांडा गायन की संगीतमय प्रस्तुति होगी। इस दौरान आई साहेब मातृशक्ति सम्मेलन भी होगा।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया देव श्री फिल्म एंड टीवी इंस्टिट्यूट के कार्यालय का शुभारंभ

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुक्रवार को देव श्री फि ल्म एंड टीवी इंस्टिट्यूट के भोपाल कार्यालय का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संस्थान की स्थापना को स्थानीय प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और क्षेत्रीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश विशेष रूप से भोपाल और उसके आस-पास के अंचल में कला, संगीत, अभिनय, निर्देशन और तकनीकी दक्षता से परिपूर्ण प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो उन्हें उचित मंच देने की। उन्होंने कहा कि देव श्री फि ल्म एंड इंस्टिट्यूट इस दिशा में एक सशक्त भूमिका निभा सकता है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज का युग संचार, सिनेमा और डिजिटल मीडिया का है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाएँ, लोक संस्कृति और पारंपरिक कलाएं भी वैश्विक मंच पर पहुँच रही हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह संस्थान मध्यप्रदेश




की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक मूल्यों को फिल्म और मीडिया के माध्यम से उजागर करेगा, जिससे न केवल राज्य की पहचान मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और पहचान के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संस्थान के संस्थापक एवं संचालक विनोद तिवारी को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर सांस्कृतिक, मीडिया और शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# विधवा भाभी की हत्या कर देवर भी फांसी पर झूला

**उमरिया।** उमरिया जिले में एक देवर ने अपनी ही भाभी को मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि पहले सूने घर में घुसकर भाभी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद उसी कमरे में खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला मानपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक ग्राम छपड़ौड़ में शुक्रवार दोपहर में विधवा भाभी सुखमंती (38) अपने घर पर अकेली थी। तभी उसका देवर (40) मंगल घर के अंदर घुसा और अपनी भाभी के साथ गलत हरकत करने लगा। जब महिला ने छेड़छाड़ करने से मना किया तो देवर को गुस्सा आ गया। तैश में आकर देवर ने अपनी भाभी पर पास में रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस मामले में उमरिया एसडीओपी डॉक्टर नागेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस को लगभग 3 बजे सूचना मिली तो तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहां देखा तो मानपुर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई थी।

महिला के शरीर पर कुल्हाड़ी के कई घाव लगे हुए थे जिससे अनुमान लगाया जाता है की दुष्कर्म का प्रयास किया होगा, लेकिन सफल नहीं हो सका और आत्मग्लानि में खुद भी आत्महत्या कर ली। इस मामले में हत्या का प्रकरण और मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है दोनों की मौत होने के कारण मामले में खत्म भेजा जाएगा। दोनों का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा जा रहा है, आगे की जाँच कार्रवाई जारी है।

# मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों में चलेगा मानसून पूर्व साफ-सफाई अभियान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत नगरीय निकायों ने शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। विशेषकर बारिश के दौरान जल-भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिये नाले-नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त कार्यालय ने शुक्रवार को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार, साफ-सफाई अभियान 413 नगरीय निकायों में एक साथ शुरू किया गया है। शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में आवासीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र की नालियों से जमी हुई गाद निकालकर गहरी सफाई की जा रही है। वर्षा काल के दौरान जल का प्रवाह सतत रूप से हो सके, इसके लिये नालों के सभी छोर पर जाली लगाई जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

अतिक्रमण हटाने के संबंध में निर्देश नगरीय निकायों को निर्देश दिये गये हैं कि नाले-नालियों के ऊपर से




अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तत्काल की जाये। शहरी क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम के लिये ब्लीचिंग पॉउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है। नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मियों के कार्यों की सतत निगरानी रखने के लिये भी कहा गया है। प्रदेश में 413 स्थानीय नगरीय निकाय है। इनमें नगरपालिक निगम 16, नगरपालिका परिषद 99 और नगर परिषद 298 है।

**मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी इकाइयाँ**

प्रदेश में सूखे कचरे के प्रसंस्करण के लिये 405 नगरीय निकायों में 360 मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी इकाइयों का निर्माण किया गया है, जिनके माध्यम से सूखे एवं गीले कचरे को अलग अलग घटकों में बाँटकर प्रसंस्करण के लिये भेजा जाता है। इन इकाइयों से सूखे कचरे की छटाई करके बेचे जाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के 100 प्रतिशत नगरीय क्षेत्रों में आवासों और व्यावसायिक क्षेत्रों से कचरा संग्रहण व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है। इसके लिये नगरीय निकायों को 7082 मोटराइज्ड वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें सूखे, गीले के साथ कचरे के अन्य अवयवों को अलग-अलग रखने के लिये कंपार्टमेंट और जीपीएस सिस्टम लगाए गए हैं।

# फसलों की उत्पादकता में वृद्धि के लिए करें हर संभव प्रयास: कृषि मंत्री कंषाना

## मंत्री कंषाना ने की शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों की राज्य स्तरीय समीक्षा

**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि किसानों की फसलों की उत्पादकता में वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह निर्देश शुक्रवार को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान में शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों के कार्यों की समीक्षा की।

कृषि मंत्री कंषाना ने शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों के कार्यों की सराहना की और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और अन्य कृषि सामग्री प्रदान करना है, जिससे उनकी उत्पादकता में वृद्धि हो सके। उन्होंने अधिकारियों को शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों में किसानों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इससे किसानों को अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों में किसानों को और अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। बैठक में विभिन्न जिलों से आए कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# सरकारी-प्राइवेट बस स्टेंड पर पेयजल की किल्लत महिला यात्रियों के सबसे ज्यादा परेशानी

**भिण्ड।** भिण्ड सरकारी और प्राइवेट स्टेंड, से प्रतिदिन 2000-2500 हजार से अधिक सवारियां प्रतिदिन यात्रा करती है, लेकिन यहां पर सुविधाओं के आभाव के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पेयजल और शौचालय की यहां पर विकराल समस्या है। यात्री प्रतीक्षालय को लेकर भी सवारियों में नाराजगी साफ झलक रही है।

50 साल पहले नपा ने प्राइवेट बस स्टेंड का भवन बनाकर आसपास दो दर्जन से अधिक दुकानों का निर्माण भी कराया था। उस समय यहां पर चमन बरसता था लेकिन रोडवेज बंद होने के साथ ही बस स्टेंड के भी बुरे दिन आ गए। बस आपरेटर खुद तो भवन का उपयोग कर लाखों रुपए कमा रहें है लेकिन भवन को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। भिण्ड से मौ, लहार, आलमपुर, भारौली, अमायन, जालौन, उरई आदि रूटों पर चलने वाली बसों के यात्रियों को कहीं बैठने की व्यवस्था नहीं की गई है। मजबूरी में यात्रियों को बरगद के पेड की छांव में बैठकर इंतजार करना होता है। धूप से बचाने के लिए महिलाएं अपने मासूम बच्चों को सीने से लगाकर रखती हैं।

यात्री प्रतीक्षालय फर्स की टाइल्स भी उखडकर गायब हो चुकी है। बुंकिंग विंडो के सामने कचरा के ढेर लगे हुए हैं। प्याऊ से पानी की टोटियां गायब हो चुकी है। यदि किसी यात्री को प्यास लगती है तो उसे पानी पास की दुकानों से खरीदकर पीना पड़ता है। ये तो प्राइवेट बस स्टड की समस्या रहीं। ऐसे ही हाल सरकारी बस स्टेंड की है। 7 सालों पहले स्वच्छता अभियान के दौरान बनाए गए शौचालयों का गंदगी के कारण उपयोग नहीं हो पा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना महिला यात्रियों को करना पड़ता है। रोडवेज बस स्टेंड पर सालों से पानी की समस्या भी गंभीर रूप धारण किए हुए है।पूर्व ने नपा ने यहां पर हैंडपंप का भी खनन कराया गया था। जो ज्यादातर खराब पड़ा रहता है। बताया जा रहा हे कि पानी बेचने वाले हेंडपंप को खराब कर देते हैं। बाहर से आने वाले राहगीरों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छता अभियान के दौरान ही यहां पर शौचालयों के साथ यूरीनरी का निर्माण भी कराया गया था। वर्तमान में दोनो ही तबाह हो चुके हैं। इस कारण से महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**प्राइवेट बस स्टेंड पर लंबी दूरी पर चलने वाली लग्जरी बसों का कब्जा रहता है।**

भिण्ड से इंदौर, भोपाल, अहमदाबाद, सूरत, दिल्ली तथा प्रदेश के अन्य शहरों की ओर जाने वाली बसों का का कब्जा रहता है।

**25 साल से नहीं मिला नपा को किराया, लाखों रुपये बकाया**

प्राइवेट बस स्टेंड पर दुकानों का नपा को करीब 25 साल से किराया नहीं मिला है। एक दर्जन से अधिक दुकानदारों पर लाखों रुपए बकाया है। कोर्ट के आदेश पर भी नपा को किराए का भुगतान नहीं किया गया है।लाखों रुपये बकाया होने के बाद भी नपा ने अभी तक बेदखली की कार्रवाई नहीं की है। कई दुकानदारों ने तो एक्सटेंशन भी कर लिया है सिकमी किराएदार भी बैठा दिए हैं। जिसने किराए पर दुकान ली थी, उसके स्थान पर वर्तमान में कब्जा किसी और का है। वहीं इस संबंध में नपा अध्यक्ष वर्षा वाल्मीकि का कहना है कि सालों पहले प्रशासन की पहल पर नपा की जमीन प्राइवेट बस स्टेंड के लिए दी गई थी। जो लोग उपयोग कर रहे हैं उन्हें ही मेटीनेंस करना चाहिए।

# किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए डी-कम्पोस्ट का उपयोग करने की दी सलाह

**नरसिहंपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को नरवाई प्रबंधन, नई तकनीक आदि की जानकारी देने लगातार जिले की विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर दे रहे हैं। इसी क्रम में अभियान के नौवें दिन शुक्रवार को विकासखंड करेली, चीचली व सांईखेड़ा की ग्राम पंचायतों में पहुंचे दलों ने किसानों से रूबरू चर्चा की और विभिन्न जानकारियों के बारे में अवगत कराया। अभियान के तहत करेली विकासखंड की ग्राम पंचायत करताज, कपूरी व कंधरापुर, विकासखंड चीचली की ग्राम पंचायत बारहाबड़ा, ग्वारी व इमलिया और सांईखेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत पीपरपानी, टेकापार व पिपरियाकलां पहुंची। यहां किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक, नरवाई प्रबंधन, नवाचार एवं अन्य तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही स्वा ?इल हेल्थ कार्ड, खेत तालाब योजना, बायोगैस तथा अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, डॉ. विजय सिंह सूर्यवंशी, डॉ. रश्मि ठाकुर, रूचि शर्मा, गन्ना अनुसंधान केन्द्र बोहानी के वैज्ञानिक डॉ. बीके शर्मा, डॉ. आशुतोष शर्मा, कृषि विभाग व आत्मा परियोजना, एलाइड विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और कृषक मौजूद थे। विकासखंड साईंखेड़ा में गन्ना अनुसंधान केन्द्र बोहानी के वैज्ञानिकों ने गन्ने की उन्नत किस्म, अधिक उपज एवं कीट प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. आशुतोष शर्मा ने कृषि वानिकी, सिंचाई की विभिन्न तकनीक, उन्नत तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। प्राकृतिक खेती के घटकों जैसे जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्रम, दशपर्णी अर्क आदि को बनाने की विधि एवं उपयोग के बारे में बताया। गन्ना अनुसंधान केन्द्र बोहानी के वैज्ञानिक डॉ. बीके शर्मा ने गन्ने के साथ अंतरवर्तीय फसल धनिया, लहसुन व धान के उन्नत बीजों का प्रयोग कर अधिक उत्पादन लेने की सलाह दी। डॉ. शर्मा ने किसानों नरवाई प्रबंधन के लिए आग जलाने के स्थान पर बेस्ट डी-कम्पोस्ट का उपयोग करने की सलाह दी।

# बिजली कंपनी की भर्ती परीक्षा में प्रोविजनल सूची में चयनित आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन 23 जून से

## लाईन परिचारक की शारीरिक दक्षता परीक्षण 26 जून को



**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के अधीन छह बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिये परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता (विद्युत), कनिष्ठ अभियंता (सिविल), विधि सहायक, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन एवं लाइन परिचारक के पदों को भरने के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रोविजनल सूची जारी कर दी गयी है। कंपनी द्वारा इन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों की पूर्ति के लिये कुल 546 सफल आवेदकों की प्रोविजनल सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचना जारी की गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने शुक्रवार को बताया है कि कंपनी द्वारा प्रोविजनल सूची में शॉर्टलिस्ट आवेदकों में कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) के 63, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 5, विधि सहायक के 21 एवं कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन के 309 आवेदकों को 23 जून से 25 जून तक अलग-अलग तारीखों में दस्तावेज सत्यापन के साथ ही लाइन परिचारक के 148 आवेदकों को 26 जून को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिये व्यक्तिगत सूचना जारी की गई है।

कंपनी द्वारा आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर में किया जाएगा तथा लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण कंपनी के शिवपुरी, भोपाल, नर्मदापुरम एवं ग्वालियर स्थित महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय में 26 जून को किये जायेंगे। प्रोविजनल सूची में दस्तावेज सत्यापन के लिये चयनित आवेदकों के नाम, सत्यापन तिथि एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण की तिथि की जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है।

# 'नक्शा वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म बनेगा भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण की आधारशिला'

**भोपाल।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम द्वारा संयुक्त रूप से भोपाल के भौंरी स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) में आयोजित दो दिवसीय 'नक्शा' वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म पर कार्यशाला के अंतिम दिन शुक्रवार को तकनीकी सत्रों, विचार-विमर्श और राज्यों के अनुभव-साझा के साथ हुआ। कार्यशाला में देशभर के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 44 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी एवं जीआईएस विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कहा कि नक्शाह्न वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण की आधारशिला बनेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी ने आज कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य स्तर पर सहयोग और व्यवहारिक समाधान अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ॅसबसे अच्छी तकनीक वही होती है, जिसे लोग सहज रूप से अपनाएं।ॅ उन्होंने प्रशिक्षण, सुधार और नागरिक-केंद्रित डिजिटल सिस्टम विकसित करने का आग्रह किया।

कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरूआत सांची क्षेत्र के फील्ड सर्वेक्षण डेटा के लाइव प्रदर्शन से हुई। इसमें नक्शा ऐप की प्रमुख



कार्यक्षमताएं जैसे भूखंडों का विभाजन-मिलान, रिकॉर्ड ऑफ राइट्स (आरओआर) सुधार और प्रकाशन प्रक्रिया का वर्कफ़्लो प्रदर्शित किया गया। एमपीएसईडीसी टीम ने बताया कि कैसे ऑफलाइन डेटा अपलोड और इंटरैक्टिव डैशबोर्ड जैसे फीचर्स भूमि प्रबंधन को अधिक सरल और सुलभ बनाते हैं। सत्र के दौरान विभिन्न राज्यों ने अपनी डिजिटल सर्वेक्षण पहलों को साझा किया। केरल ने अपनी ॅएंटे भूमिॅ परियोजना के तहत विकसित वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म प्रस्तुतिकरण दिया, जो शिकायत निवारण, फील्ड मॉनिटरिंग और नागरिक सेवाओं को एकीकृत करता है। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश ने भी अपने नवाचारों और डिजिटल मैपिंग के अनुभव साझा किए। बाद में प्रतिभागियों को राज्यों के चार समूहों में विभाजित कर एमपीएसईडीसी की तकनीकी टीम के साथ राउंडटेबल सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें डेटा एकीकरण, प्रशिक्षण, कार्यान्वयन की समय-सीमा और यूजर इंटरफेस सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन संवाद हुआ। विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, केरल और मेघालय के प्रस्तुत सुझावों को सराहना मिली।

कार्यक्रम के समापन पर एमपीएसईडीसी के एडिशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप गोयल ने सभी राज्यों के योगदान और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यशाला भारत में डिजिटल भूमि प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुई है। साथ ही, 'नक्शा' पहल के राष्ट्रीय विस्तार हेतु सहयोग का सशक्त मंच भी बनी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

शनिवार, 7 जून 2025

विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष- द्वादशी

## चिनाब से सन्देश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को आतंक को शरण देने के मामले में आगाह किया है, बल्कि पहलगाम हमले से आहत कश्मीर के जख्मों पर मलहम लगाने की कोशिश की है। यह सब प्रधानमंत्री ने तब किया जब शुक्रवार को वे विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज का जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में उद्घाटन कर रहे थे। चिनाब नदी पर बना यह पुल अपनी अनूठी भौगोलिक और तकनीकी विशिष्टताओं के कारण वैश्विक स्तर पर आकर्षण का केंद्र बन चुका है। उद्घाटन से पूर्व पीएम मोदी ने हाथ में तिरंगा लेकर पुल पर चहलकदमी भी की। वास्तव में प्रधानमंत्री का हाथ में तिरंगा लेकर पुल पर चलना कोई सामान्य राजनीतिक इशारा नहीं था बल्कि दुनिया के लिए यह संदेश था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और कोई भी ताकत इसे भारत से अलग नहीं कर सकती। चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करने से पहले पीएम मोदी ने पुल का निरीक्षण भी किया और इंजीनियरों और मजदूरों से बात की, जिन्होंने इस सपने को हकीकत में बदला। चिनाब ब्रिज 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और पेरिस के एफिल टॉवर से भी ऊंचा है। पुल की लागत करीब 46000 करोड़ बताई जा रही है। यह पुल जम्मू कश्मीर को भारत के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण सामरिक और रणनीतिक प्रोजेक्ट है। उधमपुर श्रीनगर से बारामुला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा चिनाब ब्रिज न केवल आम लोगों के लिए बल्कि भारतीय सेना के लिए भी बेहद अहम है। यह पुल जम्मू-कश्मीर में सेना की तैनाती और आपूर्ति श्रृंखला को पहले से कहीं अधिक मजबूत और त्वरित बनाएगा। किसी आपातकालीन स्थिति में यह ब्रिज एक जीवनरेखा साबित होगा। यह 1,315 मीटर लंबा स्टील आर्च ब्रिज है, जिसे भूकंप और हवा की स्थिति का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। पुल का एक प्रमुख प्रभाव जम्मू और कश्मीर के बीच संपर्क को बढ़ाना होगा। यह प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर में विकास की नई रफ्तार लाने के साथ देश की एकता, इच्छाशक्ति और इंजीनियरिंग का अद्भुत प्रतीक बनकर दुनिया को भारत की असीमित क्षमताओं के बारे में भी इंगित करेगा। प्रधानमंत्री ने पुल के उद्धघाटन के साथ ही जम्मू कश्मीर के लोगों को संदेश देते हुए जिक्र किया कि राज्य के लोगों ने इतनी तबाही देखी थी कि यहां के लोगों ने सपने देखना बंद कर दिया था किन्तु अब कश्मीर फिर दुनिया की आंख का तारा बनेगा। प्रधानमंत्री ने दुनिया को एक बार फिर पाकिस्तान की असलियत से अवगत कराते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क ने पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत, दोनों पर वार किया। उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था, कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई रोकने का था, इसलिए पाकिस्तान ने पर्यटकों पर हमला किया लेकिन कश्मीर की जनता बहुत ज्यादा मजबूत है। प्रधानमंत्री मोदी ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करने से भी नहीं चुके और कहा कि आपरेशन सिंदूर में आत्मनिर्भर भारत की ताकत दिखाई दी है। आज दुनिया भारत के डिफेंस इकोसिस्टम की चर्चा कर रही है। इसके पीछे सिर्फ एक वजह है। बहरहाल, प्रधानमंत्री ने दुनिया, खासकर पाकिस्तान को चिनाब ब्रिज के उद्घाटन के बहाने अपनी सरकार की ब्रांडिंग भी कर दी और कश्मीर की जनता को भी यह जता दिया कि भारत उसमें भरोसा करता है।

### बीच सड़क झगड़ा !



कृष्णेन्द्र राय

ट्रंप और मस्क में ।
चल रही है रार ।।
बीच सड़क झगड़ा ।
रहना खबरदार ।।

भारी मनमुटाव है ।
हिल सकती सरकार ।।
हुई गरिमा कम ।
ना रही वो धार ।।

उछल कूद ज्यादा अब ।
आ रहा ना काम ।।
है सब कुछ निहार रही ।
वहां की आवाम ।।

हो कहीं ना ऐसा ।
घिर जाएं अब ट्रंप ।।
था कल तक जो दूसरों पर ।
वो खुद पर भूकंप ।।

### सूडोकु नवताल- 7453

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7452 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# आखिर कौन है इस दर्द का गुनहगार ?



राजेश माहेश्वरी

**3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग का फाइनल मैच खेला गया था, जिसमें 17 सीजन के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम जश्न मनाने के लिए समारोह का आयोजन किया गया था।**

इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली को टीम ने खास तोहफा ही दिया। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक तब फीकी पड़ गई जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में ग्यारह लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने गहरा दुख जताया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। हादसे ने पूरे देश को दहलाकर रख दिया है। हादसे के बाद सवाल उठ रहे हैं कि लोगों का क्या कसूर है, जो जश्न में शामिल होने गए थे?

यकीनन दलीलें भी दी जाएगी, सफाई भी पेश की जाएगी, लेकिन सवाल ये है कि लोग जो बेमौत मारे गए हैं, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा? इस हादसे के बाद कुछ सवाल उठ रहे हैं. जैसे- इतना बड़ा हादसा कैसे हुआ, इसका जिम्मेदार कौन है? सवाल ये भी है कि क्या आयोजकों को पता भी नहीं था कि कितनी भीड़ मौजूद है?

जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास दो लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मीडिया को जानकारी दी कि घटना में ग्यारह लोगों की मौत हुई है और 33 लोग घायल हो गए हैं। आए दिन हम किसी न किसी हादसे की खबर सुनते रहते हैं। दो-चार दिन के शोर शराबे के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है।

लिहाजा बड़ा सवाल ये है कि आखिर हम ऐसे हादसों से सबक क्यों नहीं लेते? बीती 3 मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और करीब 100 लोग घायल हो गए। इस साल 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वे महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में सवार होने का इंतजार कर रहे थे। 29 जनवरी को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 लोग घायल हो गए।

इस साल 8 जनवरी को तिरुमला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम की खातिर टिकट लेने के लिए मची भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। 4 दिसंबर, 2024 को हैदराबाद के संध्या थिएटर में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीच्नग के दौरान मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और एक लड़का घायल हो गया। इस मामले में अल्लू अर्जुन को एक रात जेल में गुजारनी पड़ी थी। पिछले साल 2 जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' में भगदड़ से महिलाओं और बच्चों सहित 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि जब भी अनियंत्रित भीड़ एक जगह पर एकत्र होती है, वहां भगदड़ की संभावना बढ़ जाती है। अक्सर ऐसी घटनाएं दुखद होती हैं, जिनमें कई लोगों की जान चली जाती है। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि भगदड़ में गिरने से मौत होती है, लेकिन इसके पीछे कई वैज्ञानिक और शारीरिक कारण होते हैं। भगदड़ में कई लोग सांस लेने में परेशानी और शरीर पर दबाव पड़ने के बाद दम तोड़ देते हैं। भीड़ के दबाव से शरीर पर अत्यधिक जोर पड़ता है। यह दबाव सांस लेने के रास्ते को बंद कर देता है, जिससे सांस रुक जाती है और व्यक्ति दम तोड़ सकता है।

इसको मेडिकल की भाषा में कंप्रेसिव एस्फिक्सिया कहते हैं। भगदड़ में डर और घबराहट सबसे अधिक जानलेवा साबित होते हैं। जब अचानक कोई अफवाह फैलती है तो लोग घबरा जाते हैं।

यह घबराहट ही भगदड़ की सबसे बड़ी वजह बनती है। लोग एक-दूसरे को धक्का देने लगते हैं, बचने की होड़ में दूसरों को कुचल देते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक,फर्स्ट एड से लोगों की जान बचाई जा सकती है। अगर इन लोगों को कुछ ही समय में सीपीआर मिल जाए तो इनको मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सकता है। अस्पताल जाने से पहले सीपीआर देने से हर 3 में से 1 व्यक्ति की जान बचने की संभावना रहती है। सीपीआर देने के लिए किसी मेडिकल डिवाइस की भी जरूरत नहीं है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने न्यायालय मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य को नोटिस जारी किया और उसे 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। सरकार ने पुलिस कमिश्नर, एसीपी और कई बड़े अधिकारी सस्पेंड कर दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश माइकल डी कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग द्वारा न्यायिक जांच की भी घोषणा की। अब ये जांच क्या उन सवालों का जवाब भी खोजेगी, जिससे पता चले कि आखिर ये हादसा क्यों हुआ। घटना के बाद, कब्बन पार्क पुलिस ने 5 जून को आरसीबी फ्रेंचाइजी, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के खिलाफ 'गैर इरादतन हत्या और अन्य गंभीर आरोपों' के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुआ हादसा हमारे सिस्टम के लिए बड़ा तमाचा है। लेकिन अफसोस ये कि ऐसे तमाचों से हमारा सिस्टम जागता नहीं। ऐसे हादसों के बाद मरने वालों की गिनती करके उन्हें फाइलों में दफन कर दिया जाता है। उन्हें इंसाफ कैसे मिले, ये कोई नहीं सोचता। ऐसे हादसे दोबारा फिर ना हों, वो कोई नहीं सोचता।

सरकार दोषियों को सजा देने और हालात को संभाल लेने का दावा कर रही है, लेकिन अहम सवाल ये है कि आखिर ये नौबत आई क्यों।

आखिर इतनी बड़ी तादाद में जुटी भीड़ को संभालने के लिए पहले से इंतजाम क्यों नहीं किए गए थे। बेंगलुरु में भगदड़ से मौत के बाद बीजेपी ने राज्य सरकार पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया है। कांग्रेस भी इस मामले में जमकर राजनीति कर रही है। देश ये सवाल पूछ रहा है कि आखिर हम क्यों पुराने हादसों से सबक नहीं लेते। आखिर क्यों हमारी सरकारों के लिए आम आदमी की जिंदगी की कोई कीमत नहीं होती।

आखिर क्यों ऐसे हादसों के बाद सिर्फ कागजी कार्रवाई होती है, कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। जैसा कि होता आया है हादसे के बाद भी इसकी उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। लेकिन हादसे के बाद से अब तक सरकार का जो नजरिया सामने आया है, वो भी झकझोरने वाला है। आखिर कौन है इस दर्द का गुनहगार।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# खाद्य सुरक्षा, राष्ट्र की सुरक्षा



बाल मुकुन्द ओझा

मानव जीवन के लिए खाद्य पदार्थों की सुरक्षा अति महत्वपूर्ण है। लोगों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का प्रकृति प्रदत अधिकार है। राज्य का दायित्व है कि प्रकृति की ओर से प्रदान किए गए अधिकारों का संरक्षण और संवर्धन करे। खाद्य सुरक्षा का अधिकार भी इसमें शामिल है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सात जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी दी है।

इस दिवस को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य देश और दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को पौष्टिक और सन्तुलित भोजन सुलभ कराना है। साथ ही सुरक्षित खाद्य मानकों को बनाए रखने में सतत जागरूकता उत्पन्न करना और खाद्य जनित रोगों के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।

इस दिवस का उद्देश्य खाद्य जनित जोखिमों को रोकने, उनका पता लगाने और उनका प्रबंधन करने में मदद करने के लिए ध्यान आकर्षित करना और कार्रवाई को प्रेरित करना है, ताकि खाद्य सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्धि, कृषि, बाजार पहुंच, पर्यटन और सतत विकास में योगदान मिलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर साल चार लाख बीस हजार लोग दूषित खाने की वजह से अकाल मौत के शिकार हो जाते है। इनमें 70 फीसदी लोग पांच साल से कम उम्र के होते हैं। दुनियाभर में लगभग 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। हर साल खाद्य जनित बीमारियों के अनुमानित 600 मिलियन मामलें दर्ज होते हैं। इस वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हम ऐसे समय में मनाने जारहे है जब भारत भूख और गरीबी के दल दल से बाहर निकलने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया में विशेष रूप से संकट के समय खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों ने संकट में अपने जरुरतमंद देशवासियों की मदद के लिए हाथ बँटाये है मगर यह नाकाफी है। खाद्य पदार्थ की बबार्दी प्रमुख समस्या बन गई है। दुनिया भर में सभी खाद्य पदार्थों का लगभग 50 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है और कभी भी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता है। मानव उपभोग के लिए लगभग एक तिहाई भोजन विश्व स्तर पर बर्बाद हो जाता है।

दुनिया में लाखों लोग भूखे पेट सोने को मजबूर है या आधा पेट खाकर जीवन जीते हैं, वही कुछ ऐसे भी लोग हैं जो बहुत सारा भोजन बर्बाद कर देते हैं। विकासशील देशों में सबसे अधिक अन्न सही रख-रखाव न हो पाने के कारण भी बर्बाद हो जाता हैं जो बेहद चिंतनीय है। अन्न या भोजन की बबार्दी के प्रति हम सबको जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए ताकि एक सशक्त समाज और देश का निर्माण हो सके।

खाने की बबार्दी को लेकर दुनियाभर में चिंता व्यक्त की जा रही है। यही भोजन यदि गरीबों को सुलभ कराया जाये तो भूखे पेट सोने वालों की कमी आएगी। भारत भी खाना बर्बाद करने वाले देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने खाने की बबार्दी को लेकर डराने वाले आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक भारत में हर साल प्रति व्यक्ति 50 किलो खाने की बबार्दी हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा खाना लोग अपने घरों के भीतर बर्बाद करते हैं। वे जरूरत से ज्यादा खाना बनाकर फिर बचे खाने को फेंकते संकोच नहीं करते। होटलों और खाने-पीने के दूसरे स्थान भी इस कार्य में आगे है। खुदरा दुकानदार भी अनाज का ठीक से भंडारण नहीं कर पाते और खराब होने पर उसे फेंकना पड़ जाता है।

आपने कई बार सुना होगा कि लोग अपना खाना बर्बाद करते हैं या आपने अपने घर में सुना होगा कि, आपके माता-पिता हमेशा आपको खाने को बबार्दी न करने की सलाह देते हैं, क्योंकि वे बखूबी समझते है कि खाना उनके लिए क्या माइने रखता है।

एक कहावत बड़ी प्रचलित है कि इतना ही लो थाली में जो ना जाए नाली में। लेकिन आज इस बात पर कोई ध्यान नहीं देता है। इस समस्या के समाधान के ठोस उपाय करने के लिए सभी संबद्ध व्यक्तियों संस्थाओं को प्रोत्साहित करना है। यह दिन अब रश्मि होता जा रहा है। ढोल नगाड़ा पीटने से न खाद्य सुरक्षा होगी और न हीं भूखे को खाना मिलेगा। यह हमारी जमीनी सच्चाई है जिसे स्वीकारना ही होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# बारिश के पानी में डूबते शहरों को कैसे बचाएं



रोहित माहेश्वरी

केरल के बाद मुंबई समेत महाराष्ट्र में भी मानसून दस्तक दे चुका है। हर साल बरसात के मौसम में कई महानगरों और शहरों में कुछ घंटे की तेज बारिश के बाद विकास धुल जाता है और अव्यवस्थाओं की असली तस्वीर जनता को मुंह चिढ़ाती है। जनता टैक्स भरती है, लेकिन उसके बदले हर साल बारिश में कहीं सड़क बह जाती है। कहीं सब वे डूबने लगता है। कहीं रेल की पटरी के नीचे से जमीन खिसक जाती है और कहीं नाले-नाली-रोड के बीच फर्क खत्म हो जाता है।

बीती 25 मई की सुबह दिल्ली में कुछ ही घंटों में 81.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह बारिश 1901 के बाद राजधानी में सबसे ज्यादा बारिश वाला मई महीना रहा। नतीजा, दिल्ली का मिंटो रोड अंडरपास, जो शहरी बाढ़ की समस्या का प्रतीक है, एक बार फिर पानी में डूब गया। इसी तरह, मुंबई ने 26 मई को मई में सबसे ज्यादा बारिश का 107 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। मुंबई में बाढ़ इतनी भयंकर थी कि सिर्फ.सड़कें और गलियां ही नहीं, बल्कि एक्वा लाइन पर हाल ही में शुरू हुआ भूमिगत मेट्रो स्टेशन भी बारिश के पानी से भर गया। गुवाहाटी में असमय मूसलाधार बारिश के कारण घरों और अपार्टमेंट्स में पानी भर गया। पेट्रोल पंप, एटीएम, सड़कें, बाजार और मंदिर जलमग्न हो गए, जिससे सीजन की पहली बरसात में ही शहर तालाब बन गया।

दिल्ली और मुंबई के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण जलमग्न होने से कुछ दिन पहले, 21 मई को दक्षिणी कर्नाटक में कम दबाव की प्रणाली से हुई भारी बारिश ने बेंगलुरु के निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया था। क्या आपने कभी सोचा है कि बारिश मामूली हो या भारी, जलभराव की स्थिति कैसे बन जाती है?

लगभग हर शहर में जल निकाली को लेकर लाखों करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। सीवेज लाइन, नालियां बनाई जाती हैं। इसपर मोटी रकम खर्च होती है और दावा होता है कि बारिश में जलभराव की स्थिति नहीं होगी, लेकिन शुरूआत से ही जल निकासी की सुविधा बेहद कमजोर होती है। बिना मानक, स्ट्रक्चरल ज्ञान के ही जहां मन होता है, वहीं से जल निकासी की सुविधा दे दी जाती है। फौरी तौर पर भले ही ये काम आ जाए, लेकिन लॉन्ग टर्म इसका सही प्रयोग नहीं हो पाता है। फिर एक समय आता है जब ये जल निकासी की सुविधा पूरी तरह से फेल हो जाती है।

समस्या का मुख्य और तात्कालिक कारण बेशक लगातार बारिश है, जो एक प्राकृतिक कारक है। लेकिन जो चीज वास्तव में भारी बारिश को भारतीय शहरों में शहरी अराजकता और खतरे में डालती है, जैसा कि दिल्ली और मुंबई में देखा गया, वह मानव-प्रेरित कारकों का मिश्रण है जो इसके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देता है। पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के पैटर्न में काफी बदलाव आया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत भर में शहरी बाढ़ की समस्या अब बढ़ गई है। असल में, मानसून हो या न हो, दिल्ली में शहरी बाढ़ एक दुःस्वप्न की तरह है, जो बारिश के थोड़े से अंतराल पर भी बार-बार आती है।

दिल्ली की प्राकृतिक जल निकासी अरावली की पश्चिम से पूर्व की ओर यमुना नदी की ओर ढलान का अनुसरण करती है, लेकिन बाढ़ के मैदानों पर अतिक्रमण और बंद नालों के कारण यह प्रवाह बाधित होता है। दिल्ली का 2,064 किलोमीटर लंबा वर्षा जल निकासी नेटवर्क पुराना हो चुका है, जो अक्सर गाद और कचरे से भरा रहता है, जिससे भारी बारिश को झेलने की इसकी क्षमता कम हो जाती है। दिल्ली अभी भी 1976 के जल निकासी मास्टर प्लान पर निर्भर है, जब इसकी जनसंख्या सिर्फ 60 लाख थी, जबकि 2011 में यह 1.68 करोड़ हो जाएगी और अनुमान है कि 2025 तक यह 3.8 करोड़ हो जाएगी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की विडंबना यह है कि यही जल निकाय अक्सर शहर में बाढ़ का कारण बनते हैं। दिल्ली की तरह ही, मुंबई की 1860 के दशक की जल निकासी प्रणाली, जो छोटी आबादी के लिए बनाई गई थी, आज तीव्र मानसूनी बारिश के बीच 20 मिलियन से अधिक निवासियों के साथ संघर्ष कर रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, पुराने शहरों में नई-नई इमारतें तो बन रहीं हैं, लेकिन ड्रेनेज मैनेजमेंट को लेकर कोई खास काम नहीं होता है। अगर कोई सिस्टम बनता भी है तो वह केवल कुछ क्षेत्र या गली के हिसाब से बनता है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। हर जिले का अपना अलग ड्रेनेज सिस्टम होना चाहिए और शहर की आबादी, रिहायशी इलाकों और आने वाले 100 साल की संभावनाओं को देखकर तैयार करना चाहिए। इसके इंजीनियरिंग में भी बेहद गंभीरता से काम करने की जरूरत है। कई जगह ड्रेनेज सिस्टम ऊपर-नीचे हो जाता है, जिससे पानी का फ्लो बाहर निकलने की बजाय वहीं ठहर जाता है। कई जगह ठीक ड्रेनेज सिस्टम गंदगी की वजह से ध्वस्त हो जाता है। आमतौर पर लोग पॉलीथीन, बैग व घरों से निकलने वाले हैवी कूड़े, खाना व अन्य सामग्री सड़कों पर फेंक देते हैं। यही कूड़ा सड़कों से उड़कर नालियों में आ जाता है। जिससे नाला और नाली जाम हो जाते हैं। धीरे-धीरे नाले और नालियों में इतनी गंदगी आ जाती है कि उसमें से पानी निकलने का रास्ता ही नहीं बचता है। ऐसी स्थिति में हल्की सी भी बारिश होती है तो पूरा पानी सड़कों पर एकत्रित हो जाता है। इसलिए बारिश का मौसम आने से पहले सभी छोटे-बड़े नालों की पूरी साफ-सफाई बेहद जरूरी है।

वास्तव में, शहरों में सीवरों और नालों की सफाई में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है, जिस पर कोई ध्यान नहीं देता है। बरसात से पूर्व नालों और नालियों की सफाई का नाटक देशभर में होता है, बावजूद इसके पहली ही बरसात में सारे इंतजामों की पोल खुल जाती है। लगभग हर राज्य में एक जैसी व्यवस्था देखने को मिलती है। नाला-नालियों की कायदे से सफाई न होने से उसमें कूड़ा पड़ा रहता है। जब बारिश का पानी उसमें जाता है तो नाला उफना जाता है। इससे उसका पानी शहर की गलियों में बहने लगता है। आमतौर पर हर जिले में जल विभाग, बिजली विभाग, सड़क निर्माण विभाग, नगर निगम, नगर पालिका सब अलग-अलग तरह से काम करते हैं।

अक्सर देखा जाता है कि एक ही सड़क को अलग-अलग विभाग वाले कई बार खोद देते हैं। ये भी ड्रेनेज सिस्टम को बर्बाद करने का एक बड़ा कारण है। ये भी देखना चाहिए कि सड़क की खुदाई के चलते सीवर या सड़क के नीचे से निकलने वाली कोई पाइप तो क्षतिग्रस्त नहीं हुई है। इसी तरह सड़क की खुदाई के दौरान अक्सर बगल की नाली और नाले को भी तोड़ दिया जाता है। ऐसा भी नहीं होना चाहिए। हर शहर में नाले और नालियों के सहारे ही पानी को बाहर निकाला जाता है। इसे नदियों में मिला दिया जाता है। शहरी बाढ़ की समस्या सिर्फ दिल्ली, मुंबई,बेंगलुरु और पुणे में ही नहीं है। कोलकाता और हैदराबाद भी ऐसी ही समस्याओं से जूझ रहे हैं। गुवाहाटी, नासिक, पटना, लखनऊ, जयपुर और देहरादून जैसे छोटे शहरों में भी शहरी बाढ़ की समस्या लगातार बढ़ रही है और इनके कुछ हिस्सों में साल में कई बार बाढ़ आती है। शहरों को डूबाने के लिए हम भले प्रकृति को दोष दें, पर हम सब भी कम गुनाहगार नहीं हैं। बारिश और बाढ़ से निपटने के लिए जल निकासी की मजबूत व्यवस्था बनानी होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा।

**वृष** : बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी।

**मिथुन** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें।

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**सिंह** : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्या** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**धनु** : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे।

**मकर** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुम्भ** : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**मीन** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# आंगनबाड़ी सेवाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता को ले हुई विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा

## सचिव शम्मी आबिदी ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों की ली बैठक

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी ने शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय कार्यों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों की योजनाओं, क्रियान्वयन की प्रगति तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया।



आबिदी ने निर्देशित किया कि सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें तथा जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि केन्द्रों में पेयजल, विद्युतीकरण, स्वच्छता, भवन मरम्मत जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर पूरी हों।

आंगनबाड़ी भवनों के स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए सचिव ने अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में समय पर बिजली बिल भुगतान पर विशेष जोर देते हुए आकस्मिक व्यय हेतु आबंटित राशि के वित्तीय उपयोग की भी समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बारिश पूर्व सामग्री संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत भवनों की भौतिक स्थिति पर भी चर्चा की गई।

सचिव आबिदी ने पोषण आहार की जिलेवार उपलब्धता, हितग्राहियों की ई-केवाईसी, आधार मैपिंग जैसे तकनीकी कार्यों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पी. एल्मा, संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी, सभी जिलों के कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### पानी पीने के बहाने कोर्ट से भागा था आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ।** धरमजयगढ़ पुलिस ने एसडीएम न्यायालय से फरार हुए आरोपित विशाल विश्वास को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपित को उसके गांव हाथीगुड़ा से गिरफ्तार कर आज शुक्रवार को रिमांड पर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है, कि 2 जून को ग्राम हाथीगुड़ा निवासी विशाल विश्वास के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच उपरांत धरमजयगढ़ पुलिस ने उसके खिलाफ बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया था। लेकिन पेशी के दौरान आरोपित ने पुलिसकर्मी को पानी पीने का बहाना बनाया और कोर्ट परिसर से फरार हो गया। घटना के बाद थाना धरमजयगढ़ में आरोपित के विरुद्ध अपराध बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर टीआई कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में आरोपित की सरगर्मी से तलाश शुरू की गई। इसी बीच 3 जून को एक स्थानीय युवती ने विशाल विश्वास के विरुद्ध पीछा कर परेशान करने, अभद्र टिप्पणियां करने और पिछले कई महीनों से छेड़खानी करने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों ने ट्रक को किया आग के हवाले



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-63 पर करेंमरका और भैरमगढ़ के बीच एक ट्रक को आग के हवाले कर दिया। यह घटना बीती रात की है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने आगजनी के वारदात की पुष्टि है।

पुलिस के अनुसार बौखलाए नक्सलियों ने केंद्रीय कमेटी के सदस्य एक करोड़ के इनामी गौतम उर्फ सुधाकर के मारे जाने के कुछ ही घंटे बाद दहशत फैलाने के लिए एक वाहन को जलाने की वारदात को अंजाम दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार की रात करीब 9:30 बजे 4-5 की संख्या में पंहुचे नक्सलियों ने करेंमरका-भैरमगढ़ के मध्य निजी ट्रांसपोर्ट वाहन कंपनी के एक ट्रक को रोककर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबल मौके पर पहुंचकर यातायात को बहाल किया गया। फिलहाल पूरे इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। आगजनी की वारदत के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम छतवन निवासी लोचन ठाकुर पिता बरसाती लाल ठाकुर की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता बरसाती लाल ठाकुर पिता खोरबहरा ठाकुर को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना के 28 सक्रिय मरीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 9 नए मरीज मिले है। जिनमें रायपुर से पांच और बिलासपुर से 4 मरीज शामिल हैं। नया वैरिएंट जे एन.1 आने के बाद से यह एक दिन में सबसे ज्यादा आंकड़ा है। अब तक प्रदेश में 30 मरीज सामने आए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना के 28 सक्रिय मरीज हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इनमें से 27 मरीज होम आइसोलेशन में जबकि एक मरीज निजी अस्पताल में भर्ती है। रायपुर में 18, बिलासपुर में छह, दुर्ग में तीन और बस्तर में एक सक्रिय मरीज मौजुद है। राज्य में एक नया वेरिएंट जे एन.1 मिलने पर सावधानी बरती जा रही है। बताया गया है कि इस वैरियंट से डायबिटीज के मरीज और धूम्रपान करने वालों की ज्यादा खतरा । दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री पी एम फंड से बनाये गए अंबेडकर और आयुर्वेदिक कॉलेज के ऑक्सीजन लिक्विड प्लांट बंद पड़े हैं। डी के एस अस्पताल में वर्तमान में एक ही प्लांट चालू है जिसकी क्षमता 900 लीटर प्रति मिनट है। यह सिर्फ 60 प्रतिशत डिमांड ही पूरी कर पा रहा है। डीकेएस अस्पताल के उप अधीक्षक डॉक्टर हेमंत शर्मा ने बताया है कि उन्हें लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट चालू करने के लिए सीजी-एमएससी से एनओसी नहीं मिली है। अस्पताल में 28 मई से कोविड ओपीडी शुरू की गई है । डॉक्टर आर के पांडे मेडिसिन विभाग के अनुसार अब तक कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया है और 15 बेड का आईसीयू वार्ड तैयार किया जा चुका है।

### राज्यपाल ने टीबी मरीजों को दी 60 हजार की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के 10 टीबी मरीजों के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु 60 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह सहायता राशि उन्होंने अपने स्वेच्छानुदान मद से दी है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी। प्रत्येक मरीज को प्रति माह 500 रुपये के मान से एक वर्ष तक सहायता दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में राज्यपाल ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ, प्रत्येक जिले के 10-10 टीबी मरीजों के लिए कुल 3 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की थी। भारत सरकार के प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य को टीबी मुक्त बनाने के लिए राज्यपाल डेका ने इस अभियान में समुदाय की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया और जनसहयोग की महत्ता पर बल दिया है। वे जिलों के भ्रमण के दौरान मरीजों की स्थिति की जानकारी लेते हैं और उनकी हरसंभव मदद सुनिश्चित करते हैं।

### त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने को बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने, बीएलओ एप्प एवं ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग तथा निर्वाचन संबंधी विभिन्न फॉर्मों के निराकरण के संबंध में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का तहसीलवार दो दिवसीय प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय (शंकनी) के सभाकक्ष में आज शुक्रवार को आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा द्वारा की गई । कार्यक्रम में जिले के सहायक प्रोग्रामर एवं उनके सहायक द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । प्रशिक्षण में यह बताया गया कि कई बार ऐसे मतदाता जिनका नाम तो सूची में होता है, लेकिन उनका फोटो उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान समस्याएं उत्पन्न होती है। इसे देखते हुए बीएलओ को अपने कार्यों का पूर्ण निर्वहन करते हुए सावधानी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नए हितग्राहियों के नाम जोड़ने के लिए आईडी दस्तावेजों के साथ आवश्यक फार्मों के उपयोग, विशेष रूप से फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कार्य की प्रक्रिया, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से फार्म प्रोसेसिंग की जानकारी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दी गई।

### कोंड़ागांव में कार-बाईक की भिड़त में बाइक सवार युवक की मौत

**कोंड़ागांव।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधगांव के पास स्थित बस्तरिया ढाबा के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर आज शुक्रवार दोपहर में कार एवं बाईक के बीच हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गणेशराम कोर्राम की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक युवक गणेशराम कोर्राम, फरसगांव थाना क्षेत्र के चारकाई भांडारसिवनी गांव का निवासी था, अपनी मोटर साइकिल से जगदलपुर से कोण्डागांव की ओर जा रहा था। उसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। आमने-सामने की इस टक्कर में गणेशराम कोर्राम को गंभीर चोटें आईं और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर कोण्डागांव पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है, वहीं कार चालक से पूछ-ताछ की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री साय ने की केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियानों की अब तक की सफलताओं और बस्तर अंचल में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि राज्य सरकार की नई रणनीति और केंद्र के सहयोग से नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर पहुंचाया गया है। विगत डेढ़ वर्ष में चलाए गए सघन अभियानों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 1,428 नक्सलियों (माओवादियों) ने आत्मसमर्पण किया है, जो बीते पांच वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि 205 मुठभेड़ों में 427 नक्सली मारे गए, जिनमें संगठन के शीर्ष नेता महासचिव बसवा राजू और सेंट्रल कमेटी सदस्य सुधाकर जैसे कुख्यात माओवादी शामिल हैं। इसके साथ ही, राज्य में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है, जिससे सुरक्षा नेटवर्क मजबूत हुआ है।

उन्होंने बताया कि इन सुरक्षा कैंपों के आसपास बसे गांवों तक अब बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाएं तेजी से पहुँचाई जा रही हैं। ह्यनियद नेल्लानार योजनाह्व के अंतर्गत चिन्हित 146 ग्रामों में एकीकृत रूप से 18 प्रकार की सामुदायिक सेवाएं और 25 प्रकार की शासकीय योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों का विश्वास शासन तंत्र में बढ़ा है। गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री साय द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से माओवादी गतिविधियों पर निर्णायक नियंत्रण संभव हो रहा है और केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देती रहेगी।

## मेधावी विद्यार्थियों ने राज्यपाल रमेन डेका से की मुलाकात

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज शुक्रवार को यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक लेकर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सरस्वती शिक्षा संस्थान के विद्यार्थियों ने मुलाकात की।



डेका ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। साथ ही पांच-पांच हजार रुपये की अनुदान राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर डेका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि, बच्चों के सामने बेहतर भविष्य है। वे अच्छे से अध्ययन करें और देश की सेवा करें। आज के दौर में बहुत प्रतिस्पर्धा है। इसलिए हर क्षेत्र में विकल्प रखना चाहिए। कैरियर के लिए बहुत संभावनाएं हैं। जो भी करें उसे उत्तम करने का प्रयास करें। डेका ने कहा कि पालक और बच्चों के बीच में अच्छा संबंध होने चाहिए। अपने माता-पिता एवं परिवारजनों के साथ आनंद पूर्वक रहें।

कार्यक्रम में राज्यपाल डेका ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं के प्रवीण प्रजापति चन्द्रपुर, कु. कोमल यादव चन्द्रपुर, शुभम देवांगन चन्द्रपुर, जयेन्द्र जायसवाल पाण्डातराई, गगन सिंह लोरमी, आदित्य प्रताप सिंह सेक्टर 04 भिलाई को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं संबंधित शालाओं के प्राचार्य उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना की राशि के लिए अब जरूरी है डीबीटी इनेबल खाता

**बलरामपुर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में महतारी वंदन योजना के महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना का उद्देश्य विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परितयक्ता महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि माह मई से महतारी वंदन योजना की राशि का भुगतान केवल आधार बेस्ड डीबीटी के माध्यम से ही किया जाएगा। पीआरओ के द्वारा मिली सूचना के अनुसार, जिन हितग्राहियों के बैंक खाते डीबीटी अनेबल नही हुये है उनके खाते डीबीटी अनेबल होने पर लंबित माहों की सहायता राशि का भुगतान एक साथ किया जाएगा।

योजना अंतर्गत पात्र हितग्राही जिनका बैंक खाता आधार लिंक या डीबीटी इनेबल नही है उनको योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। प्रत्येक नागरिक को अपना आधार 10 वर्षों में अपडेट करने की आवश्यकता होती है। अपडेट नही किये जाने के फलस्वरूप आधार के माध्यम से सबंधितों को भुगतान की प्रक्रिया संपादित नही हो पाती है। इसी अनुक्रम में कई हितग्राहियों के भुगतान निष्क्रीय आधार होने के फलस्वरूप भुगतान कैंसल हुआ है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने जिले के पात्र हितग्राही को आधार सेंटर में जाकर अपने पहचान एवं निवास प्रमाण पत्र अपलोड कराकर आधार अपडेट कराने को कहा है। अधिक जानकारी हेतु प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर सुपरवाईजर, बाल विकास परियोजना अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

## नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती में सीआरपीएफ ने की तीन गुरुकुलों की स्थापना

**सुकमा।** नक्सली संगठन के केंद्रिय समिति के सदस्य नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती में सीआरपीएफ ने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए तीन गुरुकुलों की स्थापना की है।




मिली जानकारी के अनुसार पूवर्ती गांव नक्सली हिड़मा का गड़ माना जाता था। हिड़मा के खौफ से यहां तक पहुंचने के लिए सड़क भी नहीं बनी थी, जिसके परिणाम स्वरूप पूवर्ती गांव मुख्यधारा से दशकों तक कटा हुआ था । अब लगभग 19 वर्ष बाद वर्ष 2024 में सुरक्षाबलों ने इस गांव में सुरक्षा कैंप स्थापित करने के बाद सिलगेर, पूवर्ती, टेकलगुडेम में सीआरपीएफ ने गुरुकुल की स्थापना की है। इससे पूवर्ती, टेकलगुड़ेम में लगभग 80 से ज्यादा बच्चे गुरुकुल से जुड़ चुके हैं, जिन्हें शिक्षादूत एक वर्ष से शिक्षा दे रहे हैं । उल्लेखनीय है कि इस गांव के 10 से ज्यादा बच्चे 100 किमी दूर कुआकोंडा के पोटाकेबिन में रहकर पढ़ रहे हैं । यह वो बच्चे हैं, जिनके पालक क्षेत्र के खराब हो चुके माहौल को देखते हुए बच्चों को आश्रम-छात्रावासों में भेज दिया था। सीआरपीएफ के डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने शुक्रवार को बताया कि इस इलाके में अभी तीन गुरुकुल चल रहे हैं। इसमें बच्चों के लिए कॉपी-किताब की व्यवस्था सीआरपीएफ कर रही है। पढ़ाने के साथ खेल-कूद के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है ।

सुकमा के जिला शिक्षा अधिकारी, जीआर मंडावी ने बताया कि इस इलाके में बच्चों का सर्वे किया जा रहा है। वहीं पूवर्ती में स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। पढ़ाई छोड़ चुके 35 बच्चों को स्कूलों से जोड़ने पालकों से बात की जा रही है। सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि अभी इन गुरुकुलों में शिक्षादूत अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नए शिक्षकों को भी इन गुरुकुलों में नियुक्त किया जाएगा।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ-25) भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के लगभग 10067 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा हेतु जिले में 41 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक की मौत व तीन घायल



**गरियाबंद।** जिले के मोहेरा पुल के आगे बारूका मोड़ के पास रायपुर रोड पर आज शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे मजदूरों से भरी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

गरियाबंद पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केबल बिछाई कार्य में लगे सात श्रमिक पिकअप में सवार होकर पोंड से गरियाबाद की ओर आ रहे थे। नेशनल हाइवे 130 सी में बारूका मोड के पास तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। वाहन सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। जिला अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

# रामानुजगंज में बनारस के गंगा अर्चकों ने की कन्हर नदी के तट पर अद्भुत गंगा आरती, भक्तिमय हुआ माहौल

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले की उत्तरवाहिनी कन्हर नदी के मां महामाया मंदिर के घाट पर बीते देर शाम गंगा दशहरा पर्व मनाया गया। इस दौरान बनारस के काशी घाट से अर्चकों की टोली को बुलाया गया था। जहां उन्होंने पूरे विधि विधान से मां गंगा की आरती की। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

शास्त्रों के अनुसार, ज्येष्ठ महीने की शुक्लपक्ष के दशमी तिथि को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इस पर्व का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। कहा जाता है कि, इस दिन राजा भगीरथ के तप से पतित पावनी मां गंगा देवलोक से धरती पर अवतरित हुई थी। इसीलिए इस दिन गंगा दशहरा मनाया जाता है। इसी उपलक्ष में गुरुवार बीते देर शाम उत्तरवाहिनी कन्हर नदी के तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

**वाराणसी से आए गंगा अर्चकः** गंगा तरंग रमणीय जटाकलापम.... गौरी निरंतर विभूषित वामभांग....इन्हीं मंत्रों से वाराणसी के गंगा अर्चकों ने रामानुजगंज का पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। ऋष शर्मा, यश दुबे, वेदांत पांडेय, उज्जवल पांडेय और शिवम् मिश्रा की टोली वाराणसी के काशी के अस्सी घाट में प्रतिदिन मां गंगा की आरती करते है। रामानुजगंज नगरपालिका के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने रामानुजगंज की उत्तरवाहिनी कन्हर नदी में गंगा आरती करने के लिए गंगा अर्चकों को बुलाया था। पूरे विधि विधान से बनारस के तर्ज पर रामानुजगंज के कन्हर नदी के तट पर गंगा आरती की गई। जिसे देखने भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। गंगा अर्चक ऋष शर्मा ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि, आज गंगा दशहरा का शुभ दिन है। कहा जाता है पद्म पुराण के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन जो कोई भी गंगा आरती करता है, उसे मोक्ष प्राप्त होती है। इसीलिए मां गंगा को मोक्ष प्रदायिनी कहा जाता है।




रामानुजगंज नगरपालिका के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि, आज आध्यात्मिक दिन है। आज के दिन ही मां गायत्री और मां गंगा देवलोक से धरती पर अवतरित हुई थी। और साथी आज पर्यावरण संरक्षण का भी दिवस है। मां गंगा जल श्रोत की सुरक्षा का संकल्प दिलाती है। हमें अपनी उत्तरवाहिनी कन्हर नदी को साफ रखना चाहिए। आज की यह आरती अपने आप में ही विशेष है। बाबा काशी की नगरी अस्सी घाट में मां गंगा की आरती करने वाले विद्वान ब्राह्मण का रामानुजगंज में आगमन हुआ है। बनारस के तर्ज पर रामानुजगंज में मां गंगा की आरती देखने का नगरवासियों को अलौकिक दृश्य देखने को मिला है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक : कैलाश नाथ द्वारा शिवम पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनरीज इण्डस्ट्रीज-157प्रेस भवन,मधुबन विहार (अनेश्वर सोसायटी) ,वार्ड-85, होशंगाबाद रोड, भोपाल म.प्र.462047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : सुशील कुमार त्रिपाठी , Mobile-91- 9893982060, Email- mptmnp@gmail.com , website:tarunmitra.in , RNI : MPHIN/2021/79825 ; "इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद भोपाल न्यायालय के अधीन होंगे।

# घरेलू कलह के चलते मां व बेटी ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा, 06 जून (तरूणमित्र)।** शहर कोतवाली अंतर्गत बिजली खेड़ा मोहल्ले में शुक्रवार को सवेरे एक ही रस्सी में पूर्व फौजी की पत्नी अपनी बेटी सहित फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और फील्ड यूनिट टीम के साथ जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतका पूर्व फौजी की तीसरी पत्नी बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बिजली खेड़ा मोहल्ले में रहने वाले सेवानिवृत्त फौजी ननकाई प्रसाद की पत्नी हीरामणि(45) और बेटी रंजना(20) का शव शुक्रवार को सुबह लगभग 7 बजे एक ही रस्सी में फंदे पर लटका हुआ मिला। ननकाई प्रसाद के बेटे ने देखा तो उसकी चीख निकल गई। बेटे की चीख पुकार सुनकर पूर्व फौजी व मोहल्ले के आसपास के लोग आ गए। आनन-फानन में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी और अन्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने फील्ड यूनिट टीम को बुलाया।

फॉरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में मृतका के पति पूर्व फौजी ननकाई प्रसाद ने बताया कि गुरुवार की रात में परिवार के साथ पत्नी और बेटी ने भी खाना खाया और फिर सो गए थे। घर में किसी तरह का कोई बात विवाद भी नहीं हुआ। पता नहीं पत्नी ने क्यों आत्मघाती कदम उठाया। वहीं मृतका की बहन कुसमा देवी ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है कि घर में कोई झगड़ा फसाद होता था। वैसे तो हर घर में किसी न किसी तरह की खटपट होती रहती है। बहन से कभी दो या तीन महीने में मुलाकात होती थी। कभी उसने कोई परेशानी नहीं बताई। कुसमा देवी ने यह भी बताया कि मृतका हीरामणि पूर्व फौजी की तीसरी पत्नी है। इसके पहले पूर्व फौजी की दो पत्नियों की मृत्यु हो चुकी है।

पहली पत्नी के बच्चे नहीं थे जबकि दो पत्नियों के बच्चे हैं। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नगरी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि आज सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई की कि बिजली खेड़ा मोहल्ले के एक मकान में मां बेटी ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर मैं, कोतवाली प्रभारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और मोहल्ले के सभासद की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर शवों को बाहर निकाला गया। प्रथम दृष्टया घटना गृह कलह के कारण हुई है।

## दहिनवारा कार्यक्रम से लौट रहे ट्रैक्टर को ट्रक ने मारी टक्कर

**चित्रकूट।** दहिनवारा कार्यक्रम से लौट रहे ट्रैक्टर को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर ट्राली सडक के दूसरी ओर पलट गयी। इस हादसे मे एक की मौत हो गयी। वही अन्य घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिये अस्पताल मे भर्ती कराया। पहाडी थानाक्षेत्र के बिसंडा मोड़ दोपहर 12 बजे कुचारम मोड़ के आगे बिसंडा रोड पर ट्रैक्टर ट्राली में पहाड़ी से बांदा की ओर जा रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई जिसमें बैठे गुड़िया पत्नी संजय, अनुरूद्र पुत्र केशव, विमला पुत्री बुधराज, निर्भय यादव पुत्र बुधराज, मुन्नीबाई पत्नी कालीचरण, लइची पत्नी रामसजीवन, दसिया पत्नी बुधराज निवासी ग्राम परसौजा, गनेशीय पत्नी राजकरण निवासी भदौब थाना कमासिन बाँदा, कैरा पुत्र रजवा, चुनवादी पत्नी गया प्रसाद, विद्या पत्नी रामप्रकाश निवासी परसौजा, धर्मवीर, हेमंत पुत्र विद्यासागर, गुड़िया पत्नी विद्यासागर निवासी दलपत पुरवा ममसी को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भर्ती कराया गया। जहां कैरा, लइची, चुनबादी, विद्या, अनुरूद्र, मुन्नी बाई, धर्मवीर, हेमंत, गुड़िया, गनेशीय को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया।

# साइबर थाने का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**ललितपुर, 06 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल तथा सीसीटीएनएस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, साइबर हेल्प हेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना आदि का निरीक्षण कर कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया।

थाना/साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर उनका उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाने में लम्वित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर समयबद्ध रुप से विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की नियमानुसार गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल तथा सीसीटीएनएस कार्यालय के विभिन्न पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।



# व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर जीएसटी आयुक्त को दिया ज्ञापन

### व्यापारियों का उत्पीड़न रोके जाने और समस्याओं के समाधान की ओर दिलाया ध्यान

**झांसी, 06 जून (तरूणमित्र)।** उप्र व्यापार मंडल और कैट ने संयुक्त रूप से राज्य जीएसटी कर कमिश्नर नितिन बंसल से भेंट की। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उप्र व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय पटवारी ने व्यापारियों की समस्याओं से कमिश्नर को अवगत कराते हुए ब्याज माफी की योजना के अंतर्गत धारा 73 में ही छूट मिल रही छूट को धारा 74 में भी लागू करने, सचल दल द्वारा झांसी में व्यापारियों का का माल पकड़े जाने की स्थिति में व्यापारियों को कैश श ट्रांसफर करने की सुविधा, प्रत्येक मंडलीय कार्यालय पर व्यापारी सुविधा कक्ष, एआई तकनीक से तैयार धारा 61 के तहत गलत नोटिस, एसआईबी ऑडिट की कमियों को दूर करने, एवं व्यापारियों को इसकी पावती दिए जाने, जीएसटी पंजीकरण अधिकारियों द्वारा अअनिर्धारित दस्तावेजों की माँग, कई मामलों में आधार और पैन को फिर से मांगे जाने, आदि समस्याएं रखी। इस अवसर पर कमिश्नर ने व्यापारियों की समस्याओं पर नियमानुसार संशोधन और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल ने एक ज्ञापन भी कमिश्नर को दिया।



बैठक में वीरेंद्र कुमार, डिप्टी कमिश्नर ग्रेड 1 एवं कैट के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह दांगी, जिलाध्यक्ष कैट अभिषेक सोनकिया, व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष पंकज शुक्ला, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के लीगल विंग अध्यक्ष सीए प्रकाश हिरवानी, सीए गौरव गुप्ता, सीए अंकित अग्रवाल, सीए शिवम अग्रवाल, दिलीप सिंघल, अजय चड्ढा, विवेक बाजपेई, कृष्णा राय, संजय सराफ, रिंकू राय, पराग गुप्ता, सोनू उपाध्याय, आरिफ मंसूरी, वीरेंद्र वर्मा, प्रताप सिंह बुंदेला,सीए गगन अग्रवाल सीए विशाल अग्रवाल, सीए उज्जवल मोदी, सीए सागर रात्रि, विदित सेठ, आयुष गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## तैराकी और टीटी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल दें महिला खिलाड़ी-भानू

**चित्रकूट, 06 जून (तरूणमित्र)।** खेल निदेषालय लखनउ से प्राप्त पत्र के हवाले से क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी भानू प्रसाद ने बताया कि आगामी 13 और 14 जून को राज्य स्तरीय महिला टेबिल टेनिस एवं तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन जिला खेल कार्यालय स्पोटर्स स्टेडियम सिद्वार्थनगर मे किया जायेगा। इसका ट्रायल स्टेडियम मे 10 जून को सुबह 10 बजे से किया जायेगा। इसमे जिला स्तरीय खिलाडी ही भाग लेगे। मण्डल स्तरीय ट्रायल्स की तिथि 10 जून को सायं तीन बजे रखा गया है। सभी महिला खिलाडियो की उम्र 25 साल से अधिक ना हो। इच्छुक महिला टीटी एवं तैराकी खिलाडी नियत तिथि और समय से भाग ले।

# ऊसर जमीन पर मियावाकी पद्धति के वृक्षारोपण का डीएम ने किया निरीक्षण

### कल्याणपुरा और सिमरिया में छाएगी हरियाली, फलदार पौधों की सुगंध से महकेगा क्षेत्र

**ललितपुर, 06 जून (तरूणमित्र)।** विकास खण्ड बिरधा अंतर्गत कल्याणपुरा में 53 एकड़ पथरीली एवं अनुपजाऊ मानी जानी वाली भूमि अब हरियाली व फल देने की ओर अग्रसर है। गुरुवार को जिलाधिकारी ने यहां का दौरा कर वहां लगाये गए हजारों फलदार पौधों का निरीक्षण किया और उनकी वृद्धि दर तथा अनुकूलता पर संतोष व्यक्त किया। यहाँ जिलाधिकारी की पहल पर संतरा, कीनू, आंवला, नासपाती, बेर, आम, सीताफल, नीबू, अनार, अमरुद, कटहल, मौसम्मी, सहजन, जामुन, सहतूत व ड्रेगन फल जैसे व्यवसायिक एवं पौष्टिक फलों के पौधे तैयार किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कल्याणपुरा में 22 एकड़ में सघन मियावाकी वृक्षारोपण कराया गया है, इसके अलावा इस साइट पर 18 एकड़ में 18 प्रजातियों के फलदार पौधे लगाये गए हैं। इसके अलावा परिक्षेत्र के फ्रण्ट में 2 एकड़ में मियावाकी वृक्षारोपण पद्धति से स्वास्तिक तैयार किया जाएगा, जो सम्पूर्ण परिक्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र होगा। परिक्षेत्र की सिंचाई हेतु 5 सोलर एनर्जी संचालित बोरिंग भी करायी गई है।



साथ ही चारो तरफ बाउंड्रीवाल के साथ फैंसिंग की गई है, जिसके किनारे सहजन के पौधे लगाये गए हैं। ग्रामीण बच्चों के लिए परिक्षेत्र में झूले, स्लाइडिंग व मनोरंजन के अन्य साधनों के साथ सामूहिक कार्यक्रमों के लिए फ्लैगपोस्ट भी बनाया जाएगा। इसके अलावा 2 अन्य साइट भी विक सिमिरिया ग्राम पंचायम में बनायी जा रही है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी बिरधा इरशाद अहमद, जिला सूचना अधिकारी सहित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेयजल आपूर्ति को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**ललितपुर, 06 जून (तरूणमित्र)।** नागरिक मोर्चा के नेतृत्व में पेयजल किल्लत को लेकर घंटाघर के सामने नगर पालिका परिषद के मैदान में दूसरे दिन भी धरना -प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान संयोजक हरीबाबू शर्मा व पार्षद मनमोहन चौबे ने संयुक्त रूप से बताया कि शहर में बीते चार महीनों में भयंकर पेयजल संकट बना हुआ है। पेयजल किल्लत के लिए सीधे तौर पर जल संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेदार हैं।

उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी की निगरानी में एक कमेटी बनाई जाए, जिसमें ऐई विधुत एवं जल संस्थान शामिल किए जाएं, जो मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराएं। इस दौरान सचिदानंद गोलवानी, हरपाल चंदेल, अमित दीक्षित, नरेंद्र सिंह, माधव सिंह, आशीष उपाध्याय, एम.पी.अग्निहोत्री, अहसान अली, संदीप नायक, विनोद कुमार सोनी, प्रमोद कुमार, मनोज पस्तोर, जानकी शरण सोनी, राममूर्ति तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, अरविंद जैन, अशोक कुमार स्वर्णकार, अमित पुरोहित, सुदेश नायक, पार्षद जानकी प्रसाद, ओमप्रकाश शिवहरे, रमन सिंह, मगन जैन आदि मौजूद रहे।




## बाल विवाह पर अभिभावकों पर दर्ज हुई एफआईआर

**ललितपुर, 06 जून (तरूणमित्र)।** थाना तालबेहट के एक गांव में बाल विवाह सिद्ध होने पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। सूचना के अंतर्गत मप्र के दतिया अंतर्गत थाना बसई निवासी नाबालिग का विवाह 11 मई 2025 को सम्पन्न हुआ था। सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन भोपाल को प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा की जांच में शिकायत सही पाई गई। इस पर प्रशासन ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धाराओं 9, 10 व 11 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की है। मामले में स्वयंसेवी संस्था धरती ग्रामोत्थान समिति दतिया के समन्वयक श्रीराम चतुर्वेदी ने पुलिस को सूचना दी थी। इस पर पुलिस ने विवाह रुकवा दिया था और लड़की के अभिभावकों ने शपथपत्र दिया था कि वे नाबालिग की शादी नहीं करेंगे, इसके बावजूद विवाह समारोह बालिका के जीजा के घर पर हुआ।

# पूर्व भाजपा नेता कैलाश नारायण सारंग की जयंती मनाई



**झांसी, 06 जून (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में भाजपा के संस्थापक सदस्य तथा पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश नारायण सारंग की जयन्ती एवं मातृ-पितृ भक्ति दिवस मनाया गया। मप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के पिता कैलाश नारायण सारंग ने प्रधानमंत्री मोदी पर ्रनरेंद्र से नरेंद्र्र शीर्षक पुस्तक भी लिखी। उन्होंने जनसंघ के दौर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के साथ लंबे समय तक काम किया तथा 1990 से 1996 तक राज्यसभा सांसद रहे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस अवसर पर प्रशान्त सक्सेना, आनन्द कुमार सक्सेना, अजय कुमार सक्सेना, प्रदीप श्रीवास्तव, अविनाश सक्सेना, संजय निगम, सर्वेश सक्सेना, राम बाबू खरे आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मजदूर संघ का प्रांतीय महिला सम्मेलन आज

**झांसी, 06 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय मजदूर संघ का महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 7 जून को आयोजित किया जा रहा है। विभाग प्रमुख चंद्रकांत चतुर्वेदी ने बताया कि सम्मेलन मे कानपुर , कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फरुर्खाबाद, ललितपुर, उरई, बॉदा, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी की प्रतिनिधि एवम् कार्यकर्ता भाग लेंगी। मुख्य अतिथि फिक्की फ्लो की अध्यक्ष पूनम शर्मा, अध्यक्षता पूर्वी उत्तर प्रदेश की मातृशक्ति की पालक अधिकारी डॉ संगीता गोखले करेंगी। मुख्य वक्ता श्रेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम रहेंगे ।

### गायत्री शक्ति पीठ पर आचार्य श्रीराम शर्मा की पुण्यतिथि मनाई

**झाँसी, 06 जून (तरूणमित्र)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ, आंतिया तालाब पर गायत्री जयंती, गंगा दशहरा एवं पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की पुण्यतिथि 11 कुंडीय गायत्री यज्ञ एवं अखंड गायत्री जप के साथ मनाई गई। पीठ के प्रमुख ट्रस्टी देवी दयाल यादव ने कहा कि गायत्री और गंगा दोनों ही आज के दिन एक स्वर्ग लोक में, दूसरी भूलोक में अवतरित हुई थीं। श्रवण दीक्षित ने कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जीवन भर गायत्री के नैष्ठिक साधक रहे हैं । उन्होंने गायत्री महाविज्ञान के तीन खण्डों की रचना की है। आज के दिन ही उन्होंने स्वेच्छा से शरीर त्यागा था। इससे पूर्व 12 घंटे का अखंड गायत्री मंत्र का जाप परिजनों द्वारा हुआ।

सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कीं। सुबह से ही रात्रि तक अपने गुरु को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले गायत्री परिजनों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर ज्योति विद्यार्थी, सरोज रायकवार,रजनी खरे, पुष्पा शिवहरे, इंदिरा शर्मा, संतोष, आदित्य श्रीवास्तव, डॉ. अचल सिंह चिरार, पीएल शिवहरे , पीडी साहू, आसाराम कुशवाहा, आत्माराम यादव, हल्कू राम विश्वकर्मा एवं मनीराम कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी 97 लीटर अवैध शराब

**झांसी, 06 जून (तरूणमित्र)।** आबकारी और पुलिस विभाग की टीम ने शराब के अड्डों पर दबिश दी। इस दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर 97 लीटर शराब बरामद की है। साथ ही एक हजार किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया। विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव मय स्टाफ क्षेत्र- 1 व थाना पुलिस रक्सा की संयुक्त टीम द्वारा रक्सा, इमलिया, बदनपुरा व बसाई में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 97 लीटर अवैध शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एक हजार किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया। दबिश के दौरान अवैध शराब के संबंध जागरूक करते हुए लोगों को चेतावित भी किया गया और किसी भी सूचना के लिए मोबाइल नंबर भी साझा किए गए।

# गाजे-बाजे के साथ खाटूश्याम की पैदल यात्रा निकाली

**बांदा, 06 जून (तरूणमित्र)।** खाटू श्याम सेवा मंडल के नेतृत्व में हर में पैदल निशान यात्रा निकाली जाती है इस यात्रा में भारी संख्या में खाटू श्याम भक्तगण उपस्थित होते हैं और यात्रा में शामिल होते हैं खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष मोंटू गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा लगातार कई महीनो से निकल जा रही है इस यात्रा का उद्देश्य है सिर्फ हिंदू समाज एकजुट करने का आवाहन किया गया और उन्होंने आगे बताया कि खाटू श्याम सेवा मंडल के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं इन सामाजिक कार्यों से लगातार लोग जुड़े रहे हैं खाटू श्याम सेवा मंडल के महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा मैं के एकादशी के दिन निकल जाती है इस यात्रा में महिलाएं बच्चे भी शामिल होते हैं जो बड़ी आनंदमय से यात्रा निकल जाती है इस यात्रा में भक्ति में देखने को मिलता हैइसमें उपस्थित खाटू श्याम के पदाधिकारी अध्यक्ष मोंटू गुप्ता महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता कोषाध्याय जीतू गुप्ता उपाध्यक्ष अमित गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता और मोहित चोरिसिया रामभोरी शिवहरे नवीन प्रकाश गुप्ता नीतू बोडे संजय ककोनिया, मनोज शिवहरे समाजसेवी और महिलाओं में महिलाओं में अध्यक्ष विमला यादव उपाध्यक्ष सुमन यादव महामंत्री शैल गुप्ता रूबी गुप्ता प्रियंका गुप्ता संगीता शिवहरे आदि भक्त उपस्थित रहे।



तिंदवारी कानपुर से भी भक्त शामिल रहे जिसमें से अमन गुप्ता तिंदवारी शैलेंद्र गुप्ता समिति शीतल गुप्ता तिवारी और कानपुर से राकेश गुप्ता आदि लोग अन्य जगह से बाबा के दरबार पर आए। बाबा खाटूश्याम मंडल सेवा द्वारा हर महीने के एकादशी पर यात्रा का आयोजन किया गया।

# वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करें संकुल स्तरीय संघ : जिलाधिकारी



**ललितपुर, 06 जून (तरूणमित्र)।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मिशन निदेशक के निदेर्शानुक्रम में विकास प्रेरणा मॉडल संकुल स्तरीय समिति विकास खण्ड जखौरा के वार्षिक कार्ययोजना निर्माण हेतु तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला ग्राम्य विकास संस्थान रोडा में किया गया। प्रशिक्षण में समिति पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, सामुदायिक कैडरों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। अंतिम दिवस डीएम अक्षय त्रिपाठी, सीडीओ के.के.पाण्डेय द्वारा उपस्थित होकर संकुल स्तरीय संघ एवं ग्राम संगठनों के वार्षिक कार्ययोजना निर्माण के संबंध में आयोजित दिन दिवसीय प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों से प्राप्त की गई।

प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में बलबीर सिंह, डी.आर.पी. के द्वारा प्रतिभाग किया। ब्लॉक जखौरा मिशन प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रबंधक राधा देवी, सहायक लेखाकार पूजा ने प्रतिभागियों के साथ वार्षिक कार्ययोजना निर्माण का अभ्यास किया गया। इस दौरान अनेकों अधिकारी मौजूद रहे।

# गांव-गांव में संगठन को मजबूत करेगी कांग्रेस



**चित्रकूट, 06 जून (तरूणमित्र)।** संगठन सृजन अभियान ब्लाक मानिकपुर की बैठक अतुल राजपूत के आवास मानिकपुर में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने नेता राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ब्लाक न्याय गांव में लोगों के बीच बैठक कर सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे जिस तरह से आज देश में महंगाई बेरोजगारी चरम पर सत्ता पक्ष धर्म की राजनीति कर जनता को ठगने का काम कर रही कांग्रेस पार्टी गांव गांव में नए सिरे से संगठन को मजबूत करने का काम करेगी। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडे ने कहाकि बहुत जल्द मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक न्याय पंचायत गांव में बैठक कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। अतुल राजपूत ने कहांकि मानिकपुर ब्लाक में कांग्रेस पार्टी को गांव-गांव में मजबूत किया जाएगा।

इस मौके पर प्रशांत गुप्ता, कुलदीप द्विवेदी, सोनम राजपूत, कुलदीप वर्मा, रमेश रावत, शिवकुमार, लवलेश नामदेव, छेदीलाल कोल, नौशाद खान मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने 23 वाहनों से वसूला ढाई लाख का जुर्माना

**चित्रकूट, 06 जून (तरूणमित्र)।** यातायात पुलिस ने 23 माल वाहक वाहनों में सवारी बैठाकर तीर्थयात्रा कराने वालो के विरुद्ध की प्रवर्तन की कार्यवाही कर कुल 2,60,500 रुपए जुमार्ना अधिरोपित किया। प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह व उनकी टीम ने माल वाहक वाहनों (ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप लोडर) में तीर्थयात्रा करा रहे 23 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 2,60,500 अर्थ दण्ड अधिरोपित किया गया एवं 13 चालन अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) जब्त कर प्रतिसंहत करने के लिये सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को प्रेषित किया।



# प्रदेश सरकार ने एम्बुलेंस सेवाओं के माध्यम से प्रदेश के 5.15 करोड़ से अधिक मरीजों का किया उपचार

**बांदा।** किसी भी देश के स्वस्थ्य नागरिक उस राष्ट्र की समृद्धि के आधार स्तम्भ होते है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के निरोधात्मक, उपचारात्मक एवं संवर्धनात्मक स्वास्थ्य सेवाओं का पर्याप्त रूप से विकास एवं आमजन में प्रचार कर के लोगों को स्वस्थ रखने के लिए अधिकाधिक सफलता प्राप्त की जा रही है।

प्रदेश के मरीजों को उपचार के लिए अस्पताल तक लाने हेतु 108 ईएमटीएस एम्बुलेंस सेवा आकस्मिक परिस्थितियों में रोगी को घटना स्थल से निकटवर्ती राजकीय चिकित्सा ईकाई तक पहुंचाये जाने हेतु यह निःशुल्क सेवा प्रदेश के हर जिले में संचालित है।

108 एम्बुलेंस सेवा कॉल सेण्टर पर आधारित एम्बुलेंस सेवा है. जिसमें किसी भी आमजन द्वारा टोल फ्री नम्बर 108 डायल करके आकस्मिक परिस्थितियों में एम्बुलेंस की मांग कर सकता है। 108 एम्बुलेंस सेवा प्रति दिन 24 घंटे 365 दिवस हेतु उपलब्ध रहती है। माह सितम्बर 2012 में प्रारम्भ की गयी 108 ई.एम.टी.एस एम्बुलेंस सेवा के प्रथम चरण में 108 एम्बुलेंस को शहरी क्षेत्र में 20 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 30 मिनट में रोगी तक पहुंचने का प्राविधान किया गया था। जुलाई 2019 से प्रारम्भ हुए द्वितीय चरण हेतु निष्पादित अनुबंध में उक्त अवधि को शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिये घटाकर रोगी तक 108 एम्बुलेंस को 15 मिनट में पहुंचाये जाने का प्राविधान कर दिया गया है। इस अवधि में 108 एम्बुलेंस को रोगी तक पहुंचने की व्यवस्था को सुनिश्चित किये जाने हेतु 108 एम्बुलेंसों की फ्लीट को 1488 से बढ़ाकर 2200 कर दिया गया है।

इस सेवा के द्वितीय चरण के संचालन के अन्तर्गत पूर्वी कलस्टर में 1517 एम्बुलेंसों एवं पश्चिमी कलस्टर में 683 एम्बुलेंसों का संचालन अनुबन्ध सेवा प्रदाता के माध्यम से मरिजों का इलाज कराया जा रहा है।

108 एम्बुलेंस सेवा को अधिक सुलभ बनाये जाने के उद्देश्य से उपरोक्तानुसार एम्बुलेंसी की संख्या में वृद्धि के साथ ही प्रतिदिन प्रति एम्बुलेंस संचालित किये जाने वाले ट्रिप्स की संख्या में वृद्धि कर इसे 04 ट्रिप्स से बढ़ाकर 05 ट्रिप्स प्रतिदिन कर दिया गया है।

# गुरु ही तय करते हैं जीवन की दिशा : मुख्यमंत्री

## लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में भविष्य के विकास का संकल्प निर्मित हुआ है। ये परिसर राष्ट्रवादी विचारों का जीवंत केंद्र है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में कुलपति के स्थान पर कुलगुरु संबोधित किए जाने पर कहा कि गुरु शब्द अंधेरे से प्रकाश को जोड़ता है। माता-पिता के बाद गुरु ही जीवन की दिशा तय करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोटी स्कूल से जुड़े अपने विद्यार्थी परिषद के समय के अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण किशोर खंडेलवाल ने दिया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये। खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष शिक्षकों के उन्नयन के




लिए तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के चलते आयोजित किया जाता है। इसमें अलग-अलग विषय होते हैं। कार्यकम में विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 10वीं में टॉपर 3 छात्र, छात्राओं एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता मल्लखम्भ खेल में मैडल हासिल करने वाले 4 खिलाड़ी छात्र, छात्राओं का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमन और गिरीश भालेराव ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन गिरीश भालेराव ने किया और आभार प्रदर्शन विश्वनाथ सोमन ने किया।

### चिनाब रेलवे ब्रिज और केबल-स्टेड रेलवे पुल का शुभारंभ देशवासियों के लिए गौरव का क्षण: सीएम

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज और देश के पहले केबल-स्टेड रेलवे पुल का शुभारंभ किया गया।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज और देश के पहले केबल-स्टेड रेलवे पुल का शुभारंभ देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने संदेश में कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थापित चिनाब रेलवे अत्याधुनिक तकनीक, बेमिसाल इंजीनियरिंग और दृढ़ संकल्प को साकार करने का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चिनाब रेलवे ब्रिज और केबल-स्टेड रेलवे पुल अंजी ब्रिज का शुभारंभ सभी भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है।

## 24 घंटे के भीतर दूसरी घटना, पत्थर से सिर कुचलकर कर दी हत्या

**उमरिया।** जिला इन दिनों अपराध का गढ़ बनता जा रहा है, गुरूवार को पाली थाना अंतर्गत आने वाली घुनघुटी चौकी क्षेत्र के अमिलिया गांव में चाकूओं से गोद कर व्यपारी की निर्मम हत्या का मामला सामने आया अभी उसकी जाँच चल ही रही थी कि आज मंगठार पुलिस चौकी क्षेत्र में निर्मम हत्या का मामला सामने आ गया। जहाँ सुन्दर दादर रोड में पत्थर से सिर कुचली हुई लाश मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई।

मामला यह रहा कि पाली थाना क्षेत्र के बजरंग मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय मनोज पिल्लई का शव बरा मोहल्ला मे सुन्दर दादर रोड किनारे पड़ा मिला रहागीरों ने पुलिस को सूचना दिया कि किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश सड़क किनारे पड़ी है, मौके पर मंगठार पुलिस पहुंच कर पाली टी आई को सूचना दी और जब पाली टी आई मौके पर पहुँच कर शिनाख्त करवाए तो पता चला कि मृतक बजरंग मोहल्ला निवासी मनोज पिल्लई पुत्र तुलसीधरन पिल्लई (45) है जिसका पत्थर से सर कुचल कर निर्मम हत्या की गई है, पुलिस हत्या का प्रकरण दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपने जा रही है।

मंगठार चौकी प्रभारी ने बताया कि इसकी विवेचना पाली टी आई मंदन लाल मराबी कर रहे है और यह हत्या का मामला है, मृतक पूर्व से पाली थाने के गुण्डा बदामश सूची मे दर्ज था यह पूर्व मे हत्या की सजा भी काट चुका है एवं दो वर्ष पूर्व जिला बदर का आरोपी भी रहा है, यह अपनी मार्शल गाड़ी रख कर सवारी ढोने का भी काम करता था! हत्या का प्रकरण दर्ज कर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा जा रहा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सैलरी नहीं मिलने से नाराज सफाई मित्र और वाहन चालकों ने किया प्रदर्शन, अफसर के आश्वासन के बाद माने



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में शुक्रवार सुबह सैलरी नहीं मिलने से सफाई मित्र और वाहन चालकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का काम करीब डेढ़ घंटे तक थमा रहा। नाराज कर्मचारियों ने कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर ही गाड़ियां खड़ी कर दी। जैसे ही यह जानकारी अफसरों तक पहुंची, उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि सैलरी आज ही बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी जाएगी। इसके बाद कर्मचारी माने और अपने काम में जुट गए।

नगर निगम भोपाल सार्थक कर्मचारी संघ के बैनरतले कर्मचारियों ने यह प्रदर्शन किया और विरोध दर्ज कराया। इसके बाद डिप्टी कमिश्नर चंचलेश गिरहारे ने चर्चा की। उन्होंने आज दोपहर तक सैलरी ट्रांसफर होने की बात कही। इसके बाद सभी कर्मचारी मान गए। बता दें कि भोपाल नगर निगम में करीब 6 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हैं। जिनमें सफाई मित्र और वाहन चालक शामिल हैं। इन्हें हर महीने 10 से 12 तारीख तक सैलरी मिलती है। इस बार ईद होने की वजह से पहले सैलरी की मांग कर रहे थे, लेकिन गुरुवार शाम तक सैलरी नहीं मिली। इसके चलते शुक्रवार सुबह उन्होंने ट्रांसफर स्टेशनों पर ही गाड़ियां खड़ी कर दी और गली-मोहल्लों में कचरा लेने नहीं पहुंचे। करीब डेढ़ घंटा तक उनका प्रदर्शन चला।

## पी.के. गर्ल्स स्कूल रीवा के सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण-उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की रीवा के शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन कार्यों की समीक्षा



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुक्रवार को मंत्रालय में रीवा जिले में सांदीपनि विद्यालय और अन्य विद्यालयों के उन्नयन एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पी.के. गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, रीवा को सांदीपनि विद्यालय के रूप में विकसित किए जाने के लिए किए जा रहे कार्यों की विशेष चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि ऑडिटोरियम, खेल सुविधाएँ, फर्नीचर और अन्य निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। जिससे आगामी शैक्षणिक सत्र से सेवाओं का संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की तकनीकी अड़चनों को त्वरित रूप से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों के प्रस्तावित उन्नयन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्रता से पूर्ण कर प्रस्तावों को सक्षम स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि रीवा शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के उन्नयन को प्राथमिकता से किया जाये, जिससे इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उन्हें शिक्षा के लिये शहर आने की असुविधा न हो। बैठक में स्कूल शिक्षा आयुक्त शिल्पा गुप्ता, पीआईयू, एवं एप्को के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह शनिवार को सीहोर में करेंगे 100 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन




**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार, 07 जून को मध्य प्रदेश के सीहोर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे सीहोर में स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 100 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही वे विभिन्न योजनाओं के अनेक हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित भी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे।

सीहोर कलेक्टर बालागुरू के. ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर बालागुरु के ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 07 जून को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 01:20 बजे सीहोर पहुंचेंगे और सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान दोपहर 02:30 बजे इछावर के लिए प्रस्थान करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री दोपहर 03 बजे इछावर स्थित दशहरा मैदान पहुंचेंगे और विकसित कृषि संकल्प अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री शाम 05 बजे इछावर से प्रस्थान कर भाउखेड़ी पहुंचेगे और कृषि चौपाल में शामिल होंगे। इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री शाम 05:20 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 07 जून को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12:50 बजे सीहोर पहुंचेंगे और सीहोर में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 02:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर रेंज में बाघ के हमले से महिला की मौत

**उमरिया।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर रेंज बफर जोन अंतर्गत ग्राम राखी में बाघ ने गांव मे घुस कर महिला पर हमला किया जिससे उसकी की मौत हो गई।वन्य जीव और मानव द्वन्द थमने का नाम नहीं ले रहा है, चारदिन पूर्व ही लकड़ी बीनने गये युवक पर भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल किया था, अभी उसका इलाज शहडोल में चल ही रहा है कि शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे घर से गांव के बीच में बह रहे नाले के किनारे महिला शौच के लिये गई थी तभी पीछे से बाघ ने अचानक हमला कर महिला को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बारे मे मानपुर रेंजर मुकेश अहिरवार ने बताया कि कोर जोन की सीमा से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर ग्राम राखी बसा हुआ है जो मानपुर बफर जोन में आता है, वहां की रहने वाली 40 वषीर्या महिला गल्ली बाई यादव पति काशी यादव रोज की तरह शौच करने के लिये गांव के बीच में बह रहे नाले में गई हुई थी तभी पीछे से बाघ ने हमला कर दिया जिसमे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद महिला के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया है जहाँ पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है एवं उसके परिजन को तात्कालिक रूप से दस हजार रुपए दे दिए गये है, बाकि शासन के नियमानुसार दिए जायेंगे।

## बारात से लौटते समय हुआ दर्दनाक हादसा

### दूल्हे के पिता की मौत, मौसाजी गंभीर घायल

**गुना।** जिले में शुक्रवार का दिन दो भीषण सडक हादसों की त्रासदी के साथ बीता। इन घटनाओं में कुल तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। दुखद बात यह रही कि दोनों हादसों से जुड़ी घटनाएं पारिवारिक खुशियों से जुड़ी थीं। एक शादी के बाद की वापसी थी और दूसरा टीका-फलदान कार्यक्रम में शामिल होने का सफर, लेकिन लापरवाही और तेज रफ्तार ने इन खुशियों को गहरे शोक में बदल दिया।

पहला हादसा शुक्रवार तडके लगभग 3 बजे गुना-अशोकनगर मार्ग पर मावन गांव के पास हुआ। गुना शहर निवासी महेंद्र सिंह परिहार (41) अपने बेटे अरुण की शादी के लिए बारात लेकर अशोकनगर गए थे।

शादी समारोह के बाद अधिकतर बाराती बस और कार से वापस लौट चुके थे, लेकिन

#### तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जबरदस्त मारी टक्कर

महेंद्र सिंह अपने साढू भाई जीवन सिंह निवासी इंदौर के साथ बाइक से लौट रहे थे। मावन के पास जैसे ही उनकी बाइक पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक ट्रॉली में फंस गई और दोनों कई मीटर तक सड? पर घिसटते चले गए। इस दिल दहला देने वाले हादसे में महेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जीवन सिंह को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की खबर लगते ही शादी की खुशियों के बीच कोहराम मच गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी दुखद दुर्घटना गुरूवार दोपहर बीनागंज बायपास स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। ग्राम जतखेड़ी थाना कुंभराज निवासी मिथुन अहिरवार के अनुसार, उनके पिता बलवीरसिंह अहिरवार (45) निजामपुर निवासी अपने मित्र श्रीलाल अहिरवार के साथ बाइक क्रमांक एमपी 04 एनएफ 3321 से तेलीगांव में एक टीका-फलदान समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

जैसे ही वे पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे, पीछे से तेज गति से आ रही कार क्रमांक एमपी 42 सीए 3733 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बलवीरसिंह और श्रीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों को तुरंत बीनागंज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए चांचौड़ा अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकराई बाइक, एक की मौत

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले के मुठिया तिराहा और मुड़र के बीच सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से बाइक सवार तीन लोग टकरा गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घालय हुए है। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। नोहटा थाना पुलिस के मुताबिक, जबलपुर स्टेट हाईवे पर एक ट्रैक्टर का पहिया पंक्चर होने के कारण ट्रॉली को सड़क किनारे खड़ा किया गया था। इसमें गिट्टी और लोहे की सरिया लदी थी। ट्रैक्टर चालक पंक्चर बनवाने गया था। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों में से 30 वर्षीय हमीद की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य लोग 45 वर्षीय फिरोज और 12 वर्षीय इमरान घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर नोहटा थाने के प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र दुबे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव का पंचनामा और पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## जंगल में गोंद निकालने गए युवक पर बाघ का हमला, ज्यादा खून बहने से मौत



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले के चाकबारा गांव के पास शुक्रवार सुबह जंगल में गोंद निकालने गए एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ के हमले में युवक को गले पर पंजे के गहरे घाव लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई है। वन विभाग जांच में जुटा है, लेकिन बाघ की पुष्टि नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार मृतक 22 वर्षीय गुणेश पुत्र सुरपाल भिलाला शुक्रवार सुबह छह बजे बोदरली रेंज के चाकबारा गांव से सटे मगरडोह के जंगल में गोंद निकालने गया था। इस दौरान अचानक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। बाघ के पंजे से गले पर गहरा घाव लगने से उसकी मौत हो गई। शव के पास बाघ काफी देर तक बैठा रहा। ग्रामीणों ने शोर मचाया, तब जाकर वह जंगल की ओर भागा। गणेश के साथ गए तीन अन्य युवक अलग-अलग स्थानों पर गोंद निकाल रहे थे। वे गांव लौटे तो गणेश नहीं मिला। काफी देर इंतजार करने व फोन नहीं उठाने पर उसे खोजने वापस जंगल पहुंचे। उन्हें उसका शव मिला। उसके पास में बाघ भी मौजूद था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक गणेश का एक माह पहले ही विवाह हुआ था। अचानक हुई इस घटना से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक सात भाई-बहन हैं। परिवार खेती व मजदूरी कर जीवन यापन करता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में इससे पहले बाघ की कोई उपस्थिति नहीं देखी गई थी। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के एसडीओ अजय सागर, रेंजर व खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव मौके पर पहुंचे। कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। युवकों का दावा है कि उन्होंने खुद बाघ को देखा, लेकिन वन विभाग अब तक हमले की पुष्टि नहीं कर पाया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। युवक की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। वन विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान: मजबूती से आगे बढ़ रही है मध्य प्रदेश की जल संरक्षण यात्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जल संरक्षण की यात्रा दिन प्रति दिन मजबूती से आगे बढ़ रही है। जनभागीदारी से जल संरचनाओं के संरक्षण और सफाई के कार्य हाथ में लिये गये हैं। ऐतिहासिक, संस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले जल स्त्रोतों के सफाई के कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। नर्मदा पथ पर यात्रा के माध्यम से नदी किनारे ग्रामों में जल चौपाल कर ग्रामीणों को नदी के आसपास साफ सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि शहडोल जिले में स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से जल संवर्धन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी के साथ जल है जीवन की धारा, कल का यही सहारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णाद्वार का कार्य भी किया



जा रहा है। उन्होंने बताया कि नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। अभियान जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है। अभियान में मशीन, सामग्री और श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत मैकी, ग्राम पंचायत दुलादर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में नवीन खेत तालाब के कार्य किये गए हैं।

**ग्राम समर्रा में नल कनेक्शनों में टोटियां लगायी गयी**

जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निदेर्शानुसार जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम समर्रा में एकल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत नल कनेक्शनों में टोंटियां लगायी गईं। ग्रामीणों को पानी के अनावश्यक बहने से राकेने की समझाइश दी गई। ग्राम समर्रा में करीब 20 घरों के नल कनेक्शनों में टोटियों को लगाया गया। यह पहल ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश से की गई है। ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि पानी भरते ही नल की टोटी बंद कर देना चाहिए, जिससे जल को बर्बाद होने से रोका जा सके।

**अभियान पर केन्द्रित प्रदर्शनी का सरपंचों ने किया अवलोकन**

राज्य सरकार के निर्देश पर 30 मार्च से प्रारंभ हुए प्रदेश स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों एवं कुएं व बावड़ियों के जीर्णाद्धार कार्य सहित जल संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खेत तालाब निर्माण इत्यादि का कार्य ग्रामवासियों के सहयोग से क्रियान्वित हो रहा है। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न कार्यों को जनसहभागिता से बेहतर रूप में क्रियान्वित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। जिले के सभी विकासखण्ड में अभियान के तहत पूर्ण हो चुके एवं प्रगतिरत कार्यों के बारे में जानकारी तथा तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के लिए जिला पंचायत परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई। करीब 90 सरपंचों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। पंचायत प्रतिनिधियों को जल की स्वच्छता एवं कचरा के उचित निस्तारण की जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। एक्सपोजर विजिट में सरपंचों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अच्छे कार्यों का महत्व बताया गया।

# जोकोविच फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

## अब वर्ल्ड नंबर-1 सिनर से भिड़ेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन 2025 के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में जोकोविच ने पहले सेट में पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की।



जोकोविच के अलावा, वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर भी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। जोकोविच की फ्रेंच ओपन में 101वीं जीत 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में तीसरे सीड एलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार सेटों में 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपनी 101वीं जीत दर्ज की है। 38 साल के जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जैनिक सिनर से भिड़ेंगे। दोनों के बीच अब तक 8 मुकाबले हुए हैं, जिनमें स्कोर 4-4 है। पिछले तीन मैचों में सिनर ने जीत हासिल की है।

इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को 1 घंटे 49 मिनट में 6-1, 7-5, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने ग्रैंड स्लैम में अपनी लगातार 19वीं जीत दर्ज की है और वह अब नोवाक जोकोविच के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलेंगे। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गौफ ने क्वार्टर फाइनल में हमवतन मेडिसन कीज को हरा दिया है। उन्होंने कीज को 6-7(6), 6-4, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में गौफ का मुकाबला फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी लोइस बॉइसन से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा और तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सभी को चौंका दिया है।

# श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के पूर्व ऑफ स्पिनर सचित्रा सेनानायके को हंबनटोटा उच्च न्यायालय ने 2020 लंका प्रीमियर लीग के दौरान एक साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए लुभाने का प्रयास करने के आरोप में दोषी ठहराया है। अटॉर्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश के हाल ही में लागू भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत मैच फिक्सिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर पर यह पहला अभियोग है। उन्हें गिरफ्तार किया गया और 2023 में जमानत पर रिहा कर दिया गया। 40 वर्षीय ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल मिलाकर 78 विकेट लिए। वह श्रीलंका की 2014 टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने एक अन्य राष्ट्रीय खिलाड़ी थारिंदु रत्नायके से भ्रष्ट संपर्क किया, जो उस समय कोलंबो किंग्स के लिए खेल रहे थे। श्रीलंकाई एक रिपोर्ट में कहा गया है, सेनानायके पर दुबई से टेलीफोन के माध्यम से 2020 में उद्घाटन एलपीएल में भाग लेने वाले दो अन्य क्रिकेटरों से संपर्क करने का भी आरोप है, उन्हें मैच फिक्सिंग में शामिल होने के लिए मनाने का प्रयास किया गया।



# इंग्लैंड सीरीज में ना चुने जाने के बाद अक्षर पटेल ने किया संन्यास का ऐलान? क्या है सच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के खत्म होने के साथ ही भारतीय क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल सुर्खियों में आ गए हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और दावा किया जा रहा है कि उन्होंने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है. जिसके बाद क्रिकेट जगत में तहलका मच गया है. अक्षर पटेल को इस बार इंग्लैंड दौरे के लिए भी भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है, जिसके चलते उनके फैंस और ज्यादा परेशान हो गए हैं. सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें अक्षर को यह कहते हुए सुना गया कि 'मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक था.' जिसके बाद फैंस के बीच चिंता की लहर दौड़ गई. हालांकि, अब इस खबर की सच्चाई सामने आ गई है, और यह वीडियो फर्जी साबित हुआ है. दरअसल, यह वीडियो एआई की मदद से बनाया गया है, जिसमें अक्षर की आवाज और तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया. अक्षर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, और वह अभी भी क्रिकेट में सक्रिय हैं.इस वीडियो में अक्षर पटेल रिटायरमेंट स्पीच देते नजर आ रहे हैं. अक्षर कहते नजर आ रहे हैं, 'यह बहुत महत्वपूर्ण ऐलान है.



## RCB को जिताया IPL का खिताब

# अब जितेश शर्मा बने कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहली बार खिताब जिताने वाले कई खिलाड़ियों का योगदान रहा. इसमें एक नाम जितेश शर्मा हैं. जितेश शर्मा ने आईपीएल 2025 में आरसीबी के लिए कई अहम पारियां खेली और क्वालिफायर-1 में टीम की जीत के हीरो भी रहे थे.

इतना ही नहीं, कुछ मैचों में उन्हें आरसीबी की टीम की कप्तानी करने का मौका भी मिला. अब जितेश शर्मा एक नई चुनौती के लिए तैयार हैं. वह जल्दी ही एक भारतीय लीग में खेलते हुए नजर आएंगे, जिसमें वह बतौर कप्तान खेलेंगे.



जितेश शर्मा 5 से 15 जून तक नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आयोजित होने वाली विदर्भ प्रो टी20 लीग में नीको मास्टर ब्लास्टर टीम की कप्तानी करेंगे. इस टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं और कुल 18 मैच खेले जाएंगे. वहीं, नीको मास्टर ब्लास्टर की टीम में अनुभवी आर संजय को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि युवा खिलाड़ियों जैसे आर्यन मेश्राम, आद्यान डागा और वेदांत दिघड़े भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट का पहला मैच पगरिया स्ट्राइकर्स और नागपुर टाइटंस के बीच होगा. दूसरी ओर जितेश की टीम नीको मास्टर ब्लास्टर अपना पहला मुकाबला 6 जून को भारत रेंजर्स के खिलाफ खेलेगी. इस लीग में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं, जिसमें नीको की महिला टीम की कप्तानी भारती फुलमाली करेंगी.

### आईपीएल 2025 में जमकर चला बल्ला

जितेश शर्मा ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने 11 पारियों में 261 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 176.35 और औसत 37.28 रहा. इस दौरान उन्होंने 24 चौके और 17 छक्के लगाए, और आरसीबी को 18 साल बाद पहली आईपीएल ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई. क्वालिफायर-1 में तो उन्होंने नाबाद 85 रन बनाकर आरसीबी को फाइनल में पहुंचाया था. अब वह अपनी इस फॉर्म को विदर्भ प्रो टी20 लीग में भी जारी रखना चाहेंगे.

### विदर्भ प्रो टी20 लीग में मास्टर ब्लास्टर की टीम

जितेश शर्मा (विकेटकीपर–कप्तान), आर संजय, आर्यन मेश्राम, अद्यान डागा, अद्यान रौथम, आकाश कोमडे, वेदांत दिघाड़े, गौरव ढोबले, अंकुश तम्मीवार, आदित्य खिलोटे, आर्य दुरुगकर, प्रथम माहेश्वरी, प्रफुल्ल हिंगे, अननमय जयसवाल, सार्थक धाबडगांवकर, सनमेश देशमुख.

## बेंगलुरु भगदड़ पर विराट कोहली की पहली प्रतिक्रिया

# शब्द नहीं हैं मेरे पास...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेटर विराट कोहली ने बेंगलुरु भगदड़ पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे पूरी तरह टूट चुके हैं और उनके पास कोई शब्द नहीं हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर आरसीबी का एक आधिकारिक बयान भी जारी किया है जिसमें इस हादसे पर दुख जताया गया है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए हमे बेंगलुरु में भीड़ की वजह से हुए हादसे की जो जानकारी मिली है, वो जान बहुत दुखी हैं। सभी की सुरक्षा ही हमारे के लिए सबसे जरूरी है। जिन भी लोगों ने इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में अपनी जान गंवाई है, हम उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। अपने बयान में आगे साफ कहा है कि जैसे ही स्थिति के बारे में पता चला हमने अपने कार्यक्रम में तब्दीली की और स्थानीय प्रशासन ने जैसे निर्देश दिए, उसके मुताबिक आगे बढ़े। हम अपने सभी समर्थकों से अपील करते हैं कि वे सुरक्षित रहें। अब इस प्रतिक्रिया से समझ आता है कि आरसीबी की टीम ने स्थानीय प्रशासन का सहयोग किया था, उन्हें जैसा कहा गया, उन्होंने वैसा ही किया।



### RCB की विक्ट्री परेड मातम में कैसे बदली

अब जानकारी के लिए बता दें कि बेंगलुरु में मची भगदड़ का सबसे बड़ा कारण ओवरक्राउडिंग रहा है।इसके ऊपर क्योंकि पुलिस का जरूरी संदेश समय रहते आम लोगों तक नहीं पहुंचा, उस वजह से भी एक कम्युनिकेशन गैप बना और इतना बड़ा हादसा हो गया।असल में बुधवार को सुबह 11.56 पर ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि कोई विक्ट्री परेड नहीं होगी।अब जिस समय पुलिस ने यह जानकारी दी, कई लोग पहले ही भीड़ लगा चुके थे।चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर तो लोग इकट्ठा होने शुरू हो गए थे।ऐसे में कई को तो जानकारी तक नहीं थी कि विक्ट्री परेड कैंसिल हो चुकी है।अभी के लिए इस हादसे के बाद कर्नाटक सरकार ने मतृकों के परिवार के लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।सीएम सिद्धारमैया ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है।उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि उम्मीद से कहीं ज्यादा भीड़ मौके पर पहुंची और उसी वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ।



## कोचिंग स्टाफ को लेकर फ्रेंचाइजी में असंतोष

# लखनऊ सुपर जायंट्स से जहीर खान की होगी छुट्टी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 को खत्म हुए 2 दिन भी नहीं हुआ है और फ्रेंचाइजी में बदलाव की चर्चा शुरू हो गई है। अगले सीजन से पहले कई फ्रेंचाइजी स्टाफ और कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर सकती हैं और सबसे बड़ा बदलाव लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में हो सकता है।

14 मैचों में से सिर्फ छह जीत के साथ सातवें स्थान पर रहने से फ्रेंचाइजी प्रबंधन खुश नहीं है। जहीर खान की देखरेख में काम कर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के कोचिंग स्टाफ के कुछ प्रमुख सदस्यों के भविष्य को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहीर (46) खुद भी इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। जहीर को पिछले साल की नीलामी की शुरुआत से पहले मेंटर बना गया था, तो उन्हें सिर्फ एक साल के अनुबंध पर रखा गया था। उस कॉन्ट्रैक्ट को रिन्यू किया जाना है और सूत्रों का कहना है कि अगर वह बने रहते हैं तो यह आश्चर्य की बात होगी।

### लैंगर का कॉन्ट्रैक्ट भी रिन्यू होना है

जहीर को मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करने के लिए लाया गया था, जिनका कॉन्ट्रैक्ट भी रिन्यू होना है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों के बीच सीजन के दौरान कैसा समन्वय किया, लेकिन टीम और प्रबंधन के भीतर असंतोष की भावना दिखाई देती है।

इस स्तर पर चर्चा से पता चलता है कि लैंगर की तुलना में जहीर पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

### ● प्रबंधन टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं

एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका क्रिकेट और आईपीएल के प्रति जुनूनी माने जाते हैं और पिछले दो सीजन से टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाई है। हालांकि, जहीर 2024 सीजन के लिए जवाबदेह नहीं हो सकते, लेकिन प्रबंधन इस सीजन में टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है।

### ● जहीर-पंत का पेशेवर संबंध काफी अच्छा

कहा जाता है कि जहीर का कप्तान ऋषभ पंत के साथ पेशेवर संबंध काफी अच्छा है, लेकिन पंत ने बल्ले से निराश किया। पंत ने 14 मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक सहित 269 रन बनाए, लेकिन बाकी 12 मैचों में कोई खास योगदान नहीं दे पाए।

हालांकि, कप्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए टीम के मेंटर को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन यह जहीर ही थे, जिन्होंने टीम के विजन और दृष्टिकोण को आकार देने में मदद की। उन्होंने और पंत दोनों ने इस सीजन में निडर होकर क्रिकेट खेलने की बात कही थी। लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

## नेशंस लीगः

# रोनाल्डो का गोल, मेजबान जर्मनी को हराकर फाइनल में पुर्तगाल

**म्यूनिख, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निर्णायक गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ मेजबान टीम की पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। ओलावृष्टि के कारण 10 मिनट की देरी के बाद, जर्मनी ने जल्दी ही लय पकड़ ली। लियोन गोरेट्जका ने शुरुआत में डियोगो कोस्टा को परखा, जबकि डेब्यूटेंट निक वोल्टमेड ने एलेक्जेंडर पावलोविच के साथ मिलकर एक और मौका बनाया। हालांकि, पुर्तगाल ने जल्द ही लय पकड़ ली। पेड्रो नेटो की तेज रफ्तार ने बार-बार जर्मन डिफेंस को एक्सपोज किया और रोनाल्डो ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन को दो बार परखा। यह टेर स्टेगन की चोट से वापसी के बाद पहला मैच था। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें



मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ, जो कुछ मिनट पहले ही मैदान पर आए थे, उन्होंने शानदार सिंगल स्ट्राइक के साथ मैच का रुख पलटा। 63वें मिनट पुर्तगाल ने भी अपना खाता खोलते हुए मैच 1-1 से बराबरी पर ला दिया। जर्मनी को यहां से संभलने का मौका नहीं मिला। ब्रूनो फर्नांडीस और नूनो मेंडेस के बीच एक शानदार वन-टू ने जर्मन बैकलाइन को तितर-बितर किया और मेंडेस के लो क्रॉस को रोनाल्डो ने गोल में बदला। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ खेलेगा, जबकि पुर्तगाल फाइनल खेलेगा। मैच गंवाने के बाद जर्मनी के कोच जूलियन नेगल्समैन ने कहा, यह निश्चित रूप से हाल के दिनों में हमारा सबसे कमजोर प्रदर्शन था। हमने हमेशा पूरे दृढ़ विश्वास के साथ अटैक नहीं किया। पुर्तगाल जैसी टीम के खिलाफ अगर आप बदलाव में बहुत धीमे हैं, तो



# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच शुक्रवार से

## केएल राहुल पर रहेगी नजरें

**नॉर्थम्पटन, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी।

भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिए ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं।

राहुल ने 58 टेस्ट में 33.57 की औसत से रन बनाए हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्षक्रम में मिला है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से 6 ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाए थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाए।

तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिए शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे।

अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिए तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिए तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे ताकि पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह बना सकें। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं।

**टीमें:** भारत एः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंसः** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद,जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

**समयः दोपहर 3.30 से।**